Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 324 | गुरूवार, 27 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


## शाह ने कार्यकर्ताओं को दिया नया टास्क

# बिहार के बाद पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु चुनावों के लिए भाजपा तैयार

**नई दिल्ली।**

बिहार में राजग की ऐतिहासिक जीत के बाद अमित शाह ने भाजपा कार्यकताओं को बिहार और तमिलनाडु के लिए तैयार रहने को कहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर आयोजित बिहार विधानसभा चुनाव में काम करने वाले प्रवासी कार्यकताओं के अभिनंदन समारोह में शाह ने कहा कि बिहार में सिर्फ राजग की जीत नहीं, बल्कि पूरे भारत की जीत है।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक जीत के बाद रूकने और आराम करने का समय नहीं है, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव सामने है और उसके लिए सभी को जुट जाना है। ध्यान देने की बात है कि तीन महीने बाद मार्च-अप्रैल में पांच राज्यों का विधानसभा



चुनाव होना है, जिनमें तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल भी शामिल है। दरअसल बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार बड़ी संख्या में राज्य के बाहर के कार्यकताओं को तैनात किया था। इन्हें प्रवासी कार्यकर्ता की संज्ञा दी गई है। अमित शाह ने अपना क्षेत्र छोड़ कर संगठन के निर्देश पर बिहार के कोने-कोने में परिश्रम करने वाले सभी प्रवासी कार्यकताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के इन्हीं कार्यकताओं के परिश्रम ने बिहार चुनाव के नतीजों को ऐतिहासिक कर दिया। प्रवासी कार्यकताओं की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि ये कार्यकर्ता नेपथ्य में रहकर पूरी चुनाव की बारडोर संभाल रहे थे। उनका काम चुनावी संगठन को मजबूत करना है, यश लेना नहीं। शाह के अनुसार यश लेने की होड़ में अभिमान आता है और हासिल कुछ नहीं होता। इससे साबित होता है कि मोदी के नेतृत्व के प्रति आम जनता में कितना प्रेम और भरोसा है। शाह ने बिहार की ऐतिहासिक जीत में जेडीयू के कार्यकताओं की भी परिश्रम की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस जीत में जेडीयू के कार्यकताओं के परिश्रम की भी जितना प्रशंसा की जाये वो कम है। उनके अनुसार चुनाव के दौरान पूरा राजग गठबंधन एकजुट दिखा और यह इसी शक्ति की जीत है। उनके अनुसार राजग की पांच पार्टियों ने पांच पांडवों की तरह थे और पूरी लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ी। शाह के अनुसार चुनाव परिणाम के माध्यम से बिहार की जनता ने बता दिया है कि सिर्फ वादे नहीं, डिलीवरी अहम है और यह राजग सरकार ही कर सकती है। इसीलिए जनता ने राजग को पंसद किया।

### बंगाल, तमिलनाडु चुनावों की तैयारी

जीत के यश का हक बिहार के स्थानीय कार्यकताओं का है और उन्हें ये मिल रहा है। वहीं प्रवासी कार्यकर्ता चुपचाप अपना काम कर वापस आ गए हैं ।दरअसल जेपी नड्डा ने बिहार में विधानसभा चुनाव जीत में प्रवासियों की अहम भूमिका को देखते हुए उनके लिए रात्रि भोज का आयोजन किया। आयोजन में शामिल हुए अमित शाह ने साफ किया कि बिहार की जीत घुसपैठियों को देश से बाहर करने के हर भारतीय के संकल्प की जीत है। भाजपा ने इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में घुसपैठ को बड़ा मुद्दा बनाया था। शाह ने कहा कि बिहार के लोगों ने इस बार प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश की जोड़ी को दिल खोल कर समर्थन दिया।

## भारत-इंडोनेशिया के बीच आज तय हो सकता है ब्रह्मोस सौदा





**नई दिल्ली।**

भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस मिसाइल खरीद पर आज महत्वपूर्ण बातचीत हो सकती है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री भारत दौरे पर, राजनाथ सिंह के साथ सुरक्षा और रक्षा सहयोग पर चर्चा करेंगे।

इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री सजाफरी सजामसोएद्दीन तीन दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार शाम यहां पहुंचे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बृहस्पतिवार को उनके साथ तीसरे भारत-इंडोनेशिया रक्षा मंत्री संवाद की सह अध्यक्षता करेंगे। इंडोनेशिया ने भारत की ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली खरीदने में खासी दिलचस्पी दिखाई है। दोनों देशों के बीच इस बारे में सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत हो चुकी है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक के दौरान दोनों मंत्री क्षेत्रीय सुरक्षा समेत तमाम अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत करेंगे। साथ ही द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गहरा करने पर भी चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक सजामसोएद्दीन के दौरे से ब्रह्मोस मिसाइल की खरीद पर स्थिति स्पष्ट हो सकती है। पिछले महीने लखनऊ स्थित ब्रह्मोस केंद्र में मिसाइलों की पहली खेप रवाना करते समय राजनाथ सिंह ने इसके संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था कि भारत ने फिलीपीन के साथ ब्रह्मोस का सौदा किया है। आने वाले समय में अन्य देशों के साथ सहयोग की अच्छी संभावनाएं हैं। सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने भी 28 अक्तूबर को अपनी जकार्ता यात्रा के दौरान सजामसोएद्दीन से इस बारे में बातचीत की थी।

**राजनाथ सजामसोएद्दीन करेंगे वार्ता**

## चक्रवात सेंयार की आहट! तमिलनाडु-केरल में भारी बारिश की चेतावनी



**नई दिल्ली।** सामान्य तौर पर नवंबर का महीना बंगाल की खाड़ी में चक्रवातों की गतिविधियों के लिए जाना जाता है और इस साल भी वही परिस्थितियां बनती दिख रही हैं। इस समय दो मुख्य मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। सामुद्रिक इलाकों में सक्रिय दो अलग-अलग मौसमी गतिविधियां आने वाले दिनों में देश के दक्षिणी हिस्सों के मौसम को काफी प्रभावित कर सकते हैं। मलक्का जलडमरूमध्य और इसके आसपास बने एक गहरे दबाव (डीप डिप्रेशन) के चक्रवात में बदलने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने ताजा अपडेट में कहा है कि यदि यह चक्रवात बनता है, तो इसका नाम सेंयार रखा जाएगा, जिसका अर्थ है ह्यशेरह्व। यह नाम संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की ओर से सुझाया गया है, जो उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र में चक्रवातों के नामों में भाग लेने वाले 13 देशों में से एक है। सामान्य तौर पर नवंबर का महीना बंगाल की खाड़ी में चक्रवातों की गतिविधियों के लिए जाना जाता है और इस साल भी वही परिस्थितियां बनती दिख रही हैं। इस समय दो मुख्य मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं।

## देश में विमानों के इंजन की मरम्मत का पहला केंद्र शुरू

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तेलंगाना के हैदराबाद स्थित जीएमआर एयरोस्पेस एंड इंडस्ट्रियल पार्क में फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान की नई अत्याधुनिक इकाई एयरक्राफ्ट इंजन सर्विसेज इंडिया (एसएईएसआइ) का उद्घाटन किया।

45 हजार वर्ग मीटर में फैली यह इकाई लगभग 1,300 करोड़ रुपये के शुरूआती निवेश से तैयार हुई है। यहां सालाना 300 एलईएपी इंजनों की सर्विसिंग होगी और 2035 तक पूरी परिचालन क्षमता हासिल कर लेने पर यह एक हजार से अधिक भारतीय तकनीशियनों और इंजीनियरों को रोजगार देगी। यह कदम भारत को



विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव लाएगा और आने वाले वर्षों में 15 अरब डॉलर तक की बचत होगी। एसएईएसआइ सफ्रान की समर्पित मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ) सुविधा है, जो एयरबस ए320 नियो और बोइंग 737 मैक्स विमानों में इस्तेमाल होने वाली एलईएपी (लीडिंग एज एविएशन प्रोपल्शन) इंजनों की सर्विसिंग करेगी। यह दुनिया की सबसे बड़ी विमान इंजन एमआरओ इकाइयों में से एक है और पहली बार किसी वैश्विक इंजन निमार्ता ने भारत में एमआरओ आपरेशन शुरू किया है।

### पीएम मोदी ने क्या कहा?

पीएम मोदी ने कहा कि भारत विश्व में तेजी से बढ़ रहे घरेलू विमानन बाजारों में से एक है। यह इकाई आत्मनिर्भर और सक्षम भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह भारत को एक ग्लोबल एमआरओ हब के रूप में साबित करने में मदद करेगी और युवाओं के लिए नए अवसर भी बढ़ाएगी। इस अवसर पर उपस्थित नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि ग्लोबल एमआरओ हब बनकर भारत आने वाले वर्षों में 15 अरब डॉलर तक बचा सकता है।

## 'गुलामी के चार लेबर कोड रद्द करो'

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** केन्द्रीय ट्रेड यूनियन्स (सीटीयू) और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के देशव्यापी आह्वान पर कोडरमा में मजदूरों और किसानों ने समाहरणालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य चार लेबर कोड को रद करना और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी दिलाना था। प्रदर्शन से पूर्व उर्मिला चौधरी मोड़ से एक विशाल जुलूस निकाला गया, जो कोडरमा बाजार होते हुए जिला मुख्यालय पर पहुंचा और सभा में तब्दील हो गया। जुलूस में शामिल प्रदर्शनकारियों ने मजदूर विरोधी लेबर कोड फाड़ दो, गुलामी का दस्तावेज श्रम संहिता रद्द करो, किसानों का कर्जा माफ करो.. जैसे नारे लगाए। कार्यक्रम की




अध्यक्षता झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार ने की। सभा को सीटीयू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिप सदस्य एवं एटक नेता महादेव राम, सोनिया देवी, उदय द्विवेदी, सीटीयू के जिला सचिव रमेश प्रजापति, जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, किसान महासभा के राजेन्द्र मेहता, किसान सभा के अर्जुन यादव, महेश सिंह, एक्टू के जिला सचिव विजय पासवान, तुलसी राणा और दामोदर यादव सहित अन्य ने संबोधित किया।

## कश्मीर में माइनस तो दिल्ली में 8 डिग्री पहुंचा तापमान, हिमाचल में बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली।**

दिल्ली, यूपी, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और बिहार में भी तापमान लगातार गिर रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार को ठंड और बढ़ेगी। सुबह और शाम के समय हल्का कोहरा भी देखने को मिल सकता है। ठंड के साथ-साथ दिल्ली में बढ़ता प्रदूषण भी लोगों के सांसों के लिए संकट बना हुआ है। बुधवार की सुबह दिल्ली में 8 डिग्री पारा रिकॉर्ड किया गया। गुरुवार के मौसम की तो नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव, फरीदाबाद ग्रेटर नोएडा समेत दिल्ली में आज भी रात और शाम बेहद ठंडे होने वाले हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी के कारण पंजाब, हरियाणा में पारा तेजी से गिर रहा है। जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में लगातार बर्फबारी जारी है जिससे मैदानी इलाकों में भी ठंड और बढ़ेगी। बर्फबारी की वजह से रोहतांग का रास्ता बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग ने दिन में अधिकतम तापमान के 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के आस पास रहने का पूवार्नुमान जताया है। दूसरी ओर जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड,हिमाचल प्रदेश जैसे हिमायली राज्यों में लगातार बर्फबारी हो रही है।

## हांगकांग अग्निकांड में अब तक 44 मौतें, 250 से अधिक लोग लापता

**हांगकांग।**


सात हाई-राइज अपार्टमेंट में लगी इस भयंकर आग में अब तक 44 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 250 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों में एक फायरफाइटर भी शामिल है।

हांगकांग के ऊंचे रिहायशी परिसर में हुई भयावह आग से शहर वर्षों बाद सबसे बड़े हादसे का गवाह बना। सात हाई-राइज अपार्टमेंट में लगी इस भयंकर आग में अब तक 44 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 250 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों में एक फायरफाइटर भी शामिल है। यह भीषण आग लगने की घटना ताई पो में हुई। यह हांगकांग में एक उपनगरीय इलाका है, जो चीन के शहर शेनझेन की सीमा के पास स्थित है। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, आग शाम तक सात इमारतों में फैल गई, जबकि एक इमारत में लगी आग ने आसपास के टावरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद 900 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया और सैकड़ों को अस्थायी कैंपों में शिफ्ट किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार तड़के जानकारी दी कि इस मामले में एक निर्माण कंपनी के दो निदेशकों और एक सलाहकार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का आरोप है कि उन्होंने गंभीर लापरवाही की। जांच में कई फ्लैटों की खिड़कियों पर अत्यधिक ज्वलनशील पॉलीस्टाइरीन बोर्ड लगे मिले, जिन पर कंपनी का नाम था। हांगकांग के मुख्य कार्यकारी जॉन ली ने बताया कि पुलिस और फायर सर्विसेज विभाग ने मिलकर एक विशेष जांच टीम गठित कर दी है जो आग के कारणों की गहराई से जांच करेगी।



**सात इमारतों में लगी है भीषण आग**

## भारत बनेगा 'रेयर अर्थ मैग्नेट' का हब



**नई दिल्ली।**

चिप की तरह महत्वपूर्ण रेयर अर्थ मैग्नेट के लिए आयात पर निर्भर भारत अगले तीन-चार साल में आत्मनिर्भर हो जाएगा। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में रेयर अर्थ मैग्नेट के उत्पादन के लिए 7,280 करोड़ रुपये का इंसेंटिव देने का फैसला किया गया। इस इंसेंटिव से रेयर अर्थ मैग्नेट की पांच यूनिट लगाई जाएंगी जिससे सालाना 6,000 टन रेयर अर्थ मैग्नेट का उत्पादन होने का अनुमान है।

### केंद्र सरकार ने 7300 करोड़ की स्कीम को दी मंजूरी, चीन पर निर्भरता होगी कम

सेमीकंडक्टर की तरह ही रेयर अर्थ मैग्नेट भी इलेक्ट्रानिक्स, सुरक्षा, एयरो स्पेस, इलेक्ट्रिक वाहन, मेडिकल उपकरण जैसे सेक्टर में होने वाले उत्पादन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। अभी भारत मुख्य रूप से चीन से रेयर अर्थ मैग्नेट का आयात करता है। इस साल के आरंभ में चीन ने अमेरिका के साथ भारत में भी रेयर अर्थ मैग्नेट की सप्लाई पर रोक लगा दी थी। सरकारी स्तर पर बातचीत के बाद भारत की कुछ कंपनियों को फिर से रेयर अर्थ मैग्नेट देने के लिए चीन तैयार हो गया है। रणनीतिक रूप से इसकी महत्ता को देखते हुए सरकार ने इस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने का फैसला किया है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, अगले दो-तीन वर्षों में रेयर अर्थ मैग्नेट के निर्माण से संबंधित यूनिट स्थापित की जाएंगी, जिसके बाद घरेलू स्तर पर उत्पादन शुरू होगा।

## संपादक की कलम से

# अब नए पर्यटन की दरकार

बिलासपुर की झील में डूबे एक प्राचीन शहर के मंजर और ऐतिहासिक घुंघरुओं का शोर अंतत: अब तैरती किश्तियों में आगे बढ़े के किनारे खोज रहा है। तीन दिवसीय जल तरंग जोश महोत्सव के बीच वीकेंड डेस्टिनेशन के ख्वाब और पुख्ता सुबूतों के साथ वाटर स्पोर्ट्स और पैराग्लाइडिंग की उपस्थिति में झंकृत माहौल। फोरलेन परियोजनाओं की खूबी यह भी कि पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में हिमाचल अपने भीतर एक नए पर्यटन का आगाज कर सकता है। जब बिलासपुर से चंडीगढ़ जैसे शहर की दूरी डेढ़-दो घंटे की हो जाए, तो पर्यटन की संस्कृति में मनोरंजन, साहसिक खेलों और रोमांच की दुनिया का बसेरा भी नजदीक आ जाता है। जो कल तक मनाली-शिमला की राह पर थे, वे आज कसौली और बिलासपुर में रुक रहे हैं। यह दीगर है कि बिलासपुर को अपने भीतर पर्यटन पैकेज को निर्मित करना है। ठीक इसी तरह हिमाचल की तमाम डेस्टिनेशन के मध्य नए पर्यटन की दरकार है। हम डलहौजी-चंबा जाते पर्यटक को पौंग की तरफ मोड़ें या धर्मशाला-मकलोडगंज के रास्तों पर निकले सैलानियों को ऊना में रोकें, तो सप्ताहांत पर्यटन के विषय बदलेंगे। प्रदेश की नई व बड़ी गतिविधियों, मनोरंजन व रोमांच के लिए


ललित शर्मा
संपादक

बाहरी राज्यों से आने वालों को आसान राहें, तब मिलेंगी अगर देहरादून के पास पांवटा साहिब और रेणुका के साथ नाहन को प्रस्तुत किया जाए। मनाली के सफर को मंडी आसान कर दे और कुफरी से आगे निकलने के लिए रामपुर बुशहर को भी लक्ष्य बना दें, तो नए पर्यटन के लिए नए कदम भी बढ़ेंगे। दरअसल हिमाचल आने वालों के लिए केवल अटल टनल ही एक बिंदु न रहे। मनाली, मकलोडगंज और शिमला ही गंतव्य न रहें। हमने ऊना को सिख पर्यटन की दृष्टि से संवारा ही नहीं। ऊना के आसपास जल क्रीड़ाओं को उभारा ही नहीं। न पौंग के रास्तों पर पर्यटन के डग भरे और न ही भाखड़ा बांध की तरफ देखते हुए ऊना की परिधि में रोमांच के कई लम्हे जोड़े गए। पर्यटन को भीड़ बनने से बचाते हुए सुकून का साथी बनाना है, तो प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को तवज्जो देना होगा। हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक पर्यटक गांव चिन्हित हो, तो इस क्षेत्र में कई साधुवाद मिलेंगे। एक मॉडल के तहत पर्यटन गांव को विभिन्न विभागों की योजनाओं से पूरा किया जा सकता है। मसलन शाहपुर के धार कंडी क्षेत्र में पर्यटन गांव की रूपरेखा में ट्राउट फिश, प्राकृतिक कृषि उत्पादन, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, ट्रैकिंग तथा विश्रांति भाव लिए होम स्टे को सीमित परिदृश्य में बढ़ावा मिले, तो पर्यटन का उद्देश्य इंगित होगा। कभी किन्नौर की सांगला वैली एग्रो टूरिज्म की महक से आगे बढ़ी, लेकिन इसे महज व्यापार बनाकर हमने मूल आधार खो दिया। अत: पर्यटन की किसी न किसी विशिष्टता के साथ ऐसे गांव विकसित किए जाएं, जहां सैलानी अपनी रुचि अनुसार कहीं वाटर स्पोर्ट्स, कहीं दृश्यावलियों, कहीं धार्मिक भावना, कहीं ग्रामीण जीवन, कहीं ट्राइबल जीवन, कहीं पौराणिक परंपराओं, तो कहीं शांत चरागाहों या जंगलों से अटे प्राकृतिक या एग्रो परिदृश्य का संसर्ग ढूंढ पाएं। हर पर्यटन गांव का थीम, तरक्की और विकास योजनाओं का चरित्र पूर्व निर्धारित तथा सामुदायिक जिम्मेदारी से ओतप्रोत रखना होगा, ताकि सैलानी नित नए अनुभव के बीच कुछ समय गुजार दे। इस तरह कई गांव जल शक्ति विभाग की जलापूर्ति या सिंचाई परियोजनाओं-बांधों से जुड़ जाएंगे। वाटर शैड योजनाओं को अगर पर्यटन वाटर शैड योजना बना के देखें, तो आकर्षण बढ़ जाएगा। किसी प्राचीन बावड़ी, किले, मैदान या वास्तुकला को पर्यटन संरक्षण से जोड़ें तो धरोहर गांव निकल आएंगे। प्रदेश विपणन बोर्ड, सार्वजनिक आपूर्ति निगम, मिल्क फेडरेशन, हिम बुनकर तथा खादी बोर्ड अगर अपने-अपने विस्तार में पर्यटकों को जोड़ लें, तो इन्हीं के उत्पादों की प्रस्तुति में हाईवे टूरिज्म के साथ-साथ पर्यटन गांव भी विकसित हो जाएंगे।

# 360 डिग्री कैसे पलटे ट्रंप? भारत आया अमेरिकी हथियारों का जखीरा

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के लिए बड़ा कदम उठाते हुए 9.3 करोड़ डॉलर के हथियार की बिक्री को मंजूरी दे दी है। बता दें कि अमेरिका ने भारत को दुनिया की सबसे घातक एंटी टैंक मिसाइल सिस्टम में से एक जैवलिन मिसाइल देने का ऐलान कर दिया है जो कि पाकिस्तान के टैंकों के लिए काल है। भारत अमेरिका की डील में जैवलिन मिसाइल के अलावा स्मार्ट तोप गोला भी है। भारत और अमेरिका के रिश्ते सुधर रहे हैं। भले ही धीरे-धीरे सुधर रहे हैं लेकिन अब जो गाड़ी है वो पटरी पर लौट रही है। सबसे पहले भारत अमेरिका से तेल खरीदना शुरू करता है। दूसरे नंबर पर रूस से तेल की खरीद कम करता है। खत्म नहीं करता है, बल्कि कम करता है। उसके बाद भारत बड़ी एलपीजी की डील अमेरिका के साथ करता है। अपनी जरूरत का 10% हिस्सा अब भारत अगले महीने से अमेरिका से खरीदेगा। उसके बाद सैन्य लेवल पर भी भारत जो है एक डील करता है। ये सारी चीजें चल ही रही होती हैं कि खबर आती है कि दिसंबर के आखिर तक भारत की और अमेरिका की जो ट्रेड डील है वो लगभगल लगभग पूरी तरीके से फाइनल हो जाएगी और दोनों देशों ने जो एक सपना देखा था कि 2030 तक $500 बिलियन डॉलर का व्यापार पहुंचाएंगे। द्विपक्षीय व्यापार होगा उस तरफ चीजें आगे बढ़ने वाली हैं। दरअसल, भारत अमेरिका ने एक साथ आकर एक बड़ा खेल कर डाला है। भारत अमेरिका के नए एक्शन से पाकिस्तान और चीन दोनों के होश उड़ चुके हैं। पाकिस्तान पहले ही भारत से डरा हुआ है। हर पल उसे यही डर सोने नहीं दे रहा कि कब भारत पहले की तरह रात में सूरज उगा दे और उसी टेंशन को और भी ज्यादा बढ़ाने का काम कर दिया है। अब अमेरिका से सामने आई इस चिट्ठी ने। दरअसल पाकिस्तान को तगड़ा झटका अब अमेरिका ने दे दिया। जिसकी गोद में वो बैठने के ख्वाब हर दिन हर रात देख रहा था। उसी पाकिस्तान को अब भारत के साथ मिलकर जमीन में गाड़ने का काम अमेरिका ने कर दिया। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के लिए बड़ा कदम उठाते हुए 9.3 करोड़ डॉलर के हथियार की बिक्री को मंजूरी दे दी है। बता दें कि अमेरिका ने भारत को दुनिया की सबसे घातक एंटी टैंक मिसाइल सिस्टम में से




## टैंक किलर भी कहा जाता है

यूक्रेनी सैनिकों ने इनसे रूस के ळ72, ळ19 जैसे मजबूत टैंकों को सैकड़ों की संख्या में उड़ा दिया। यह मिसाइल इतनी प्रभावी रही कि इसे टैंक किलर भी कहा जाने लगा। रूसी टैंक ऊपर से हमला करने का मुकाबला नहीं कर पाते। यही वजह है कि पूरी दुनिया में इस मिसाइल की तारीफ जमकर हो रही है। भारत के पास इस मिसाइल के आने से यह चीन और पाकिस्तान की सीमा पर काम आएगी। पहाड़ी इलाके जैसे कि लद्दाख में यह टैंक रोकने के लिए काफी उपयोगी होगी। पैदल सैनिकों को मजबूत बनाएगी और अब दुश्मन के टैंक आने पर डरने की जरूरत नहीं होगी। पाकिस्तान के पास भी चीनी टैंक है। इसलिए यह मिसाइल पाकिस्तान के खिलाफ भी काफी असरदार होगी। चीनी टैंकों की क्षमता पर पहले से ही सवाल रहे हैं। ऐसे में जमीनी लड़ाई के दौरान भी इस मिसाइल से भारतीय सेना पाकिस्तान के चीनी टैंकों का कब्रगाह बना सकती है।

एक जैवलिन मिसाइल देने का ऐलान कर दिया है जो कि पाकिस्तान के टैंकों के लिए काल है। भारत अमेरिका की डील में जैवलिन मिसाइल के अलावा स्मार्ट तोप गोला भी है। अमेरिका ने भारत को 818.4 करोड़ रुपए (93 मिलियन डॉलर) कीमत के एक्सकैलिबर गाइडेड आर्टिलरी प्रोजेक्टाइल और जैवलिन एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम बेचने की मंजूरी दे दी है। एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल और इसके उपकरणों की कीमत 414.48 करोड़ और जैवलिन मिसाइल सिस्टम और उपकरणों की कीमत करीब 402.16 करोड़ रुपए है। रूस से तेल खरीद की पैनल्टी के रूप में भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ के बाद ये भारत की अमेरिका से पहली बड़ी रक्षा खरीद होगी। अमेरिका ने कहा है कि इस बिक्री से 'बड़े डिफेंस पार्टनर' की सुरक्षा में सुधार होगा, जो दक्षिण एशिया क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता और शांति के लिए महत्वपूर्ण ताकत बना हुआ है। डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी ने अमेरिकी संसद को बताया है कि भारत ने 216 एक्सकैलिबर टैक्टिकल प्रोजेक्टाइल और 100 एफजीएम-148 जैवलिन राउंड, एक जैवलिन एफजीएम-148 मिसाइल, फ्लाई-टू-बाय और 25 जैवलिन लाइटवेट कमांड लॉन्च यूनिट्स या जैवलिन ब्लॉक 1 कांड लॉन्च यूनिट्स खरीदने की इच्छा जताई है। भारत को इन हथियारों और डिफेंस सिस्टम को सेना में शामिल करने में कोई मुश्किल नहीं होगी। साथ ही इन रक्षा उपकरणों और सपोर्ट सिस्टम की बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा। बता दें कि भारत और अमेरिका ने हाल ही में 10 साल के लिए डिफेंस पार्टनरशिप डील के विभिन्न मुद्दों पर समझौता किया है।

जैवलिन दुनिया की सबसे अडवांस पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (अळॠट) है। इसे फायर एंड फॉर गेट मिसाइल कहा जाता है, यानी फायर करने के बाद सैनिक को टारगेट पर निशाना बनाए रखने की जरूरत नहीं पड़ती। यह खुद लक्ष्य ढूंढकर मार गिराती है। यूक्रेन ने रूस के खिलाफ मिसाइल का इस्तेमाल रूसी टैको को नष्ट करने के लिए किया है। यह पोर्टेबल, कंधे से लॉन्च किया जाने वाला हथियार है। ये टैंक, बख्तरबंद गाड़ियों और किलेबंद जगहों को नष्ट कर सकता है। यह 'फायर-एंड-फॉरगेट' गाइडेंस सिस्टम का इस्तेमाल करता है। सैनिक फायरिंग के तुरंत बाद सुरक्षित जगह पर जा सकता है क्योंकि मिसाइल इंफ्रारेड टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर खुद को गाइड करती है। इसे ले जाना आसान है, इसे दो सैनिक चला सकते हैं। यूक्रेन में सैकड़ों रूसी टैंक नष्ट किए। एलओसी और एलएसी के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए अहम है। इसका टॉप-अटैक मोड बख्तरबंद वाहनों और बंकरों के खिलाफ बेहद कारगर है।

**1 गोला 50 पारंपरिक गोलों के बराबर**

यह जीपीएस-गाइडेड आर्टिलरी शेल है, जिसे होवित्जर जैसी बड़ी तोपों से फायर किया जाता है। पारंपरिक शेल के विपरीत, यह लंबी दूरी पर भी 2 मीटर से कम की सटीकता से निशाना लगा सकता है। एक एक्सकैलिबर राउंड 10-50 पारंपरिक राउंड के बराबर होता है। इससे गोला-बारूद बचता है। भारत पहले से एम 777 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर के साथ एक्सकैलिबर का उपयोग कर रहा है, जो लद्दाख जैसे उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में त्वरित तैनाती के लिए आदर्श हैं। अमेरिका से ताजा एक्सकैलिबर आर्टिलरी शेल खरीद से भारत की सटीकता के साथ हमला करने की क्षमता बढ़ेगी।

**पड़ोसी देशों के पास क्या क्या**

चीनः एचजे 11 और 12 है। यह चाइनीज जैवलिन है। इसकी रेंज 3-4 किमी तक है। एचजे-12 'सॉफ्ट लॉन्च' क्षमता रखती है। इसे कई लोकेशन से दागा सकते हैं। एलएसी पर ये तैनात हैं। पाकिस्तानः बराबरी का कोई हथियार नहीं। चीन आयातित एंटी-टैंक बख्तर शिकन हैं। जैवलिन की तरह फायर-एंड-फॉरगेट नहीं है। ऑपरेटर को लक्ष्य पर लॉक रहना पड़ता है। रेंज 2-3 किमी है।

## उदय किशोर साह



### भ्रष्टाचारी जग में हैं महान

कविता

भ्रष्टाचारी तुँ जगत में हो मानव जाति में महान
हर दफ्तर में है घुमते रहते हैं तेरी यजमान
बेईमानों की बस्ती में हो शातिर धुर्त बेईमान
कुरसी पर कब तक रहोगे दफ्तरमें विराजमान

उल्टा सीधा कर। निपटा देते हो हर काम
नजायज उत्कोच पाकर खाते हो पका आम
फँस ही जाता है तेरे चंगुल में कोई अनजान
गुर सिखलाते हो तुम बन कर उन्हें ज्ञानवान

तेरी महिमा जब हो जाती है किसी पे मेहरबान
बन जाता है कठिन काम भी। सरल व आसान
तेरी बिरादरी में हैं तेरी अधिक जान पहचान
हर झठे मक्कारों का तुँ है उनका एक। कद्रदान

मुरझाया फाईल का तुँ है सफल एक बागवान
रिश्वत लेकर सींच देते हो संजीवनी व प्राण
तेरे भी विशालकाय परिवार का आस अरमान
जिसे पूरा करते हो तुम बन कर खुद बेईमान

दौलत है तेरे लिये एक मात्र तेरे इष्ट व भगवान
नाजायज कमाई करना तेरी है एक ज्ञान विज्ञान
तेरे दर पे नतमस्तक होते हैं बड़े बड़े से विद्वान
हे भ्रष्टाचारी तुँ है कलियुग का एक भगवान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हिंदी में शपथः नए भारत की भाषाई चेतना का निर्णायक उद्घोष

भारत के 53वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा हिंदी में शपथ लेना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में केवल एक औपचारिक घटना नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक, राष्ट्रीय और मनोवैज्ञानिक चेतना का नया शुभारंभ है। यह वह क्षण है जिसने भाषा को लेकर दशकों से चले आ रहे संकीर्ण विवादों, राजनीतिक विरोधाभासों और कृत्रिम विभाजनों पर एक गहरी चोट की है। हिंदी में शपथ का यह निर्णय राष्ट्रीय मानस में इस भावना को पुनः स्थापित करता है कि भाषा का प्रश्न केवल संचार का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतीक है। यह निर्णय उस विरोधाभास पर भी प्रकाश डालता है जिसमें विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा हिंदी को अपने ही देश में सबसे अधिक उपेक्षा, संकोच और राजनीतिक विरोध का सामना करना पड़ता रहा है।

भारत में भाषा सदैव राजनीति का एक सुविधाजनक औजार रही है। कुछ दशकों से चले आ रहे भाषाई आंदोलन और हिंदी-विरोधी राजनीति ने देश की एकता को अक्सर चुनौती दी है। क्षेत्रवाद की आड़ में कुछ राजनीतिक दलों ने हिंदी को एक क्षेत्र विशेष की भाषा बताकर उसका महत्व कम करने का प्रयास किया। लेकिन यह तर्क न तो व्यावहारिक था और न ही ऐतिहासिक। हिंदी किसी क्षेत्र की भाषा नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के हृदय की भाषा है, जनमानस की अभिव्यक्ति है, भारत की आत्मा की धड़कन है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा हिंदी में शपथ लेना इस सत्य को पुनः उद्घाटित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाएँ केवल कानून और प्रशासन की रक्षा ही नहीं करतीं, बल्कि भारतीयता और राष्ट्रीय अस्मिता को भी नई दिशा देती हैं। यह कदम यह संदेश देता है कि नई पीढ़ी की संस्थाएँ अब संकोच नहीं, आत्मविश्वास के साथ भारत की भाषा में अपने कर्तव्यों की शुरूआत कर रही हैं।

हिंदी को लेकर जो विरोधाभास पैदा किया जाता रहा है, वह वास्तव में एक कृत्रिम एवं आग्रह-दुराग्रहपूर्ण द्वंद्व है। आज के वैश्विक दौर में भाषा का महत्व उसकी लोकस्वीकृति और उपयोगिता से तय होता है। हिंदी वैश्विक भाषाओं की सूची में तेजी से ऊपर बढ़ रही है। करीब 113 करोड़ के साथ अंग्रेजी पहले स्थान पर है. 111 करोड़ के साथ चीनी दुसरे स्थान पर है,इसके बाद हिन्दी का स्थान आता है। करीब 61.5 करोड़ विश्व में, हिन्दी को बोलने वाल लोगों की संख्या के आधार पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा का स्थान प्राप्त है। हिंदी का प्रभाव विश्व में बढ़ रहा है और यह सोशल मीडिया व संचार माध्यमों में भी लगातार उपयोग हो रही है। दुनिया भर के



175 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा पढ़ाई जा रही है। देवनागरी लिपि को दुनिया की सबसे वैज्ञानिक लिपियों में से एक माना जाता है। भारत सरकार की पहल के बाद से, संयुक्त राष्ट्र ने भी साप्ताहिक हिंदी समाचार बुलेटिन शुरू किया है। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, मोरिशस, दक्षिण अफ्रीका, खाड़ी देशों और यूरोप में हिंदी सीखने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विश्व के कई विश्वविद्यालयों में हिंदी साहित्य, भाषाविज्ञान और अनुवाद अध्ययन का विस्तार हुआ है। हिंदी फिल्में, वेब प्लेटफॉर्म और मीडिया विश्व संस्कृति पर गहरा प्रभाव छोड़ रहे हैं। यह वह समय है जब हिंदी वैश्विक मंच पर उभर रही है, लेकिन अपने ही देश में उसे राजनीति और संकीर्णताओं का शिकार होना पड़ रहा है। यही वह असंगति है जिसे न्यायमूर्ति सूर्यकांत की शपथ ने बड़े सौम्य किंतु तीव्र संदेश के साथ उजागर किया है कि जब दुनिया हिंदी को सम्मान दे रही है तो भारत में उसकी उपेक्षा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हो सकती।


ललित गर्ग

राष्ट्रीय प्रतीक केवल वस्तुएँ नहीं होते, वे राष्ट्र की चेतना के वाहक होते हैं। राष्ट्रध्वज केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं, करोड़ों लोगों के स्वाभिमान और बलिदान का प्रतीक है। राष्ट्रगान केवल धुन नहीं, बल्कि भारत की समष्टिगत भावना का सूत्र है। उसी प्रकार राष्ट्र की भाषा-चाहे उसे हम राजभाषा कहें या राष्ट्रभाषा भारतीय पहचान और राष्ट्रीय एकता का अदृश्य धागा है। नए भारत का निर्माण तभी संभव है जब हम इन प्रतीकों का सम्मान केवल संविधान की धाराओं में नहीं, बल्कि हृदय में करें। हिंदी को लेकर जो संकोच, झिझक और कृत्रिम विरोध दशकों से बना हुआ था, वह राष्ट्रीय आत्मविश्वास के लिए बाधक था। हिंदी में शपथ लेकर न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इस मानसिक दरार को पाटने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में हिंदी को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने का साहसिक कार्य किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा से लेकर ब्रिक्स, जी-20 और अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उन्होंने हिंदी में संबोधन देकर दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत अपनी भाषा को लेकर हिचकता नहीं, बल्कि गर्व करता है। इससे पहले अटल बिहारी वाजपेयी ने भी संयुक्त राष्ट्र में हिंदी में भाषण देकर ऐतिहासिक परंपरा की शुरूआत की थी। उनकी वाणी में हिंदी केवल शब्द नहीं थी, बल्कि भारत की आत्मा की ध्वनि थी। नरेंद्र मोदी ने इस परंपरा को राष्ट्रीयता, आधुनिकता, आत्मविश्वास और वैश्विक उपस्थिति के साथ आगे बढ़ाया है। उन्हें यह समझ थी कि भाषा राष्ट्रीय चेतना की नींव होती है, और जिस राष्ट्र को विश्व नेतृत्व की आकांक्षा है, उसे अपनी भाषा पर गर्व करना ही होगा। जब राष्ट्र का प्रधानमंत्री अपनी भाषा को वैश्विक मंचों पर प्रतिष्ठा दिलाता है और जब राष्ट्र का प्रधान न्यायाधीश उसी भाषा में शपथ लेता है, तब यह संकेत मिलता है कि नए भारत की भाषा नीति संकोच नहीं, बल्कि स्वाभाविक भारतीयता की पुनर्स्थापना है।

हिंदी केवल भावनात्मक आग्रह नहीं है। यह शासन, न्याय, शिक्षा, प्रशासन, मीडिया और तकनीक की भाषा बनती जा रही है। डिजिटल इंडिया और नई तकनीकी क्रांति में हिंदी की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। आज इंटरनेट पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली भाषाओं में हिंदी शीर्ष पर है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन अनुवाद और डिजिटल पत्रकारिता में हिंदी का उपयोग बढ़ाना भारत की ज्ञान-आर्थिक उन्नति के लिए अनिवार्य है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी भाषाई आत्मनिर्भरता पर भी निर्भर करती है। जितनी अपनी भाषा मजबूत होगी, उतना ही विचार-निर्माण, नवाचार और जनसक्रियता मजबूत होगी। इस दृष्टि से हिंदी के प्रति उपेक्षा केवल सांस्कृतिक अपराध नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास को बाधित करने वाला संकीर्ण एवं राष्ट्र-विरोधी दृष्टिकोण भी है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की हिंदी में शपथ वास्तव में एक वैचारिक उद्घोष है। यह घोषणा है कि भाषा को लेकर चलने वाला हमारा पुराना आत्मद्वंद्व समाप्त होना चाहिए। राष्ट्रभाषा का सम्मान किसी क्षेत्र या समुदाय पर थोपा हुआ बोझ नहीं, बल्कि वह प्राकृतिक बंधन है जो विविधता को सामूहिकता में बदलता है। यह वह बंधन है जो भारत को भारत बनाता है। यह वह अदृश्य शक्ति है जो उत्तर से दक्षिण, पश्चिम से पूर्व और ग्रामीण से महानगरीय भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोती है, व्यापार एवं विकास को गति देता है। हिंदी किसी पर थोपी जाने वाली भाषा नहीं, वह तो स्वयंस्फूर्त रूप से जनमानस की भाषा बन चुकी है। उसका विरोध अब एक राजनीतिक नाटक भर रह गया है जिसका वास्तविकता से कोई सरोकार नहीं।

नए भारत ने अपने संकोचों को त्यागना शुरू कर दिया है। अपनी परंपराओं, अपने प्रतीकों और अपनी भाषा पर गर्व करना नया मानसिक स्वरूप बनता जा रहा है। न्यायपालिका से लेकर कार्यपालिका तक और वैश्विक मंचों से लेकर डिजिटल मंचों तक-हिंदी का सम्मान बढ़ रहा है। यह सम्मान न किसी के आदेश से आया है, न किसी दवाब से; यह सम्मान राष्ट्र की आत्मा से उठा है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की हिंदी में शपथ नए भारत की सांस्कृतिक स्वाधीनता का प्रतीक बन गई है।

# आगरा में सड़क सुरक्षा: 28 शहरों को खतरनाक शहरों की सूची में शामिल, जीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट अभियान शुरू

**आगरा से संवाददाता मयूर खन**



आगरा मैं। सड़क परिवहन मंत्रालय ने देश के 100 सबसे खतरनाक शहरों में उत्तर प्रदेश के 28 शहरों को शामिल किया है, जिनमें आगरा जोन के पांच जिले भी हैं। प्रदेश सरकार सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को शून्य करने के लिए प्रयासरत है। आगरा में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं। आगरा पुलिस प्रशासन ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेएफडी) अभियान तथा ह्यट्रैफिक माह 2025ह्ल के तहत व्यापक अभियान शुरू किया है। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार और जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी के निर्देशन में शहर भर में जागरूकता, निगरानी और सुरक्षा उपायों को तेज किया गया है। पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार ने पुलिस उपायुक्त पूर्वी और सभी सहायक पुलिस आयुक्तों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौतों को पूर्णतः रोकने के लिए लागू किए जा रहे जेडएफडी अभियान की प्रगति, चुनौतियों और अगले चरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने ब्लैक स्पॉट चिन्हीकरण, संवेदनशील मार्गों पर अतिरिक्त निगरानी, यातायात प्रवाह में सुधार तथा दुर्घटना रोकथाम के लिए तकनीक आधारित उपायों को तेज करने पर जोर दिया। इस समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि आगरा में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए जेएफडी को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने, लगातार मॉनिटरिंग रखने और प्रत्येक स्तर पर त्वरित सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक माहझ2025 का शुभारंभ ौर जागरूकता कार्यक्रम ट्रैफिक माहझ2025 के तहत आगरा में व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया गया, जिसका उद्घाटन पुलिस उपायुक्त पश्चिमी अतुल शर्मा ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान खेरागढ़ क्षेत्र में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए और उन्हें यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, ओवरस्पीडिंग से बचें और ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दें। पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों और युवाओं को जिम्मेदार ड्राइविंग अपनाने के लिए प्रेरित किया। सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रमुख चौराहों और मुख्य सड़कों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं, ताकि निगरानी व नियमों का पालन बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के दौरान अधिकारियों ने कहा कि सड़क हादसों में होने वाली मृत्यु को कम करना तभी संभव है जब नागरिक अपनी भूमिका समझें और सुरक्षित ड्राइविंग को आदत बनाएं।

# रूट्स इंटरनेशनल स्कूल में संविधान दिवस व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रेय शुक्ला (ए.डी.जे., बिजनौर) तथा विशेष अतिथि प्रवीण देहवाल (चीफ लीगल एंड डिफेन्स काउंसिल, कमाल अजीम, चौधरी विजेंद्र सिंह (ब्लाक प्रमुख हलदौर), सोवीर सिंह (धर्मपुरा), रामवीर सिंह (गंगदासपुर), मनोज कुमार(अगरी), सोमवीर सिंह (अगरी) साथ ही डायरेक्टर आदित्य गुप्ता, यश गुप्ता, निर्देशक दिनेश त्यागी, डॉ. संजीव राठी (प्रधानाचार्य), रुचि शर्मा उपप्रधानाचार्या, एक्जीक्यूटिव आफिसर भूपेंद्र सिंह फामेर्सी से डा. हरवीर सिंह, नादिर खान, जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे। छात्रों द्वारा मनोहारी संविधान पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनमें प्रस्तावना वाचन, भाषण, कविता, सोलोगन तथा विचार गान शामिल रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने संविधान के महत्व, लोकतंत्र की मजबूती तथा नागरिक कर्तव्य पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ देकर सभी को प्रभावित किया। साथ ही विघालय मे आयोजित विभिन्न क्रीडा प्रतियोगिता के मेधावी छात्र-छात्राओ को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए साथ ही बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्या रूचि शर्मा व सोनम ने किया।

# छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर :** हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज हल्दौर बिजनौर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार के निर्देशन में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि हमारा संविधान लोकतंत्र की आत्मा है, जो हमें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है। आज के दिन हम सभी यह संकल्प ले की राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए अपने नागरिक कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक पालन करें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह दिवस भारतीय संविधान के महत्व और इसके निमार्ताओं के योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। संविधान दिवस के अवसर पर हम डॉ भीमराव अंबेडकर और संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हैं। जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान का निमार्ता माना जाता है। जबकि बी एन राव को मुख्य वास्तुकार और प्रेम बिहारी नारायण रायजादा को लेखक के रूप में जाना जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरजीत सिंह, डॉ धनराज सिंह, डॉ लक्ष्य कुमार, डॉ सौरभ वर्मा, गीतांशु चौधरी, रियान अनवर ,गजेंद्र सिंह, हर्षिका चंद्रा, शिवानी रानी, प्रिंसी चौधरी आदि का विशेष योगदान रहा।

# जे. पी. पब्लिक स्कूल मे संविधान दिवस पर प्रार्थना सभा का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



चांदपुरः जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर मे संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना और प्रस्तावना की सामूहिक पाठ से हुई जिसमें सभी विद्यार्थियों ने गर्व के साथ ह्लहम भारत के लोग इसकी रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है ह्को जोर से और साफ दोहराया। इसके बाद विद्यार्थियों को फंडामेंटल राइट्स और फंडामेंटल ड्यूटीज के बारे में जानकारी दी गई, जिसे सभी ने मिलकर दोहराया भी। प्रार्थना सभा में डॉ. बी. आर. अंबेडकर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, पंडित जवाहरलाल नेहरू और अन्य संविधान निमार्ताओं की जीवनी को प्रस्तुत किया गया। जिससे बच्चों में राष्ट्रवाद और संविधान के प्रति सम्मान की भावना जागरूक हो, कार्यक्रम का सबसे रोचक हिस्सा क्विज प्रतियोगिता था, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी तीव्र बुद्धि का प्रदर्शन किया। कक्षा वार प्रतियोगिता भी करवाई गईं, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकों ने विद्यार्थियों को अलग-अलग कॉन्स्टिट्यूशनल आर्टिकल्स समझाने का निर्देश दिया। प्रार्थना सभा के मध्य में विद्यार्थियों ने ह्रप्रॉमिस वॉल ह्रपर अपने वचन लिखकर लगाए। देश और संविधान के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाने की प्रतिज्ञा ली। मंच को तिरंगा थीम से सजाया गया जो देशभक्ति की भावना को और मजबूत बना रहा था। विद्यालय प्रबंधन और अध्यापकों ने इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने अपने संदेश में कहा कि संविधान हमें न केवल अधिकार देता है, बल्कि हमें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए भी प्रेरित करता है। प्रार्थना सभा के अंत में में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरा परिवार एक ही संदेश के साथ जुड़ा हम भविष्य में हमेशा अपने संविधान का सम्मान करेंगे।

# नए थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने संभाला चार्ज, अपराधियों को दिया कड़ा संदेश

**वेलकम इंडिया**



जनपद आगरा मैं:-ट्रांस यमुना थाने में नए थाना प्रभारी की नियुक्ति की गई है। धर्मेंद्र कुमार सिंह को ट्रांस यमुना थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पहले वे फतेहाबाद थाना के प्रभारी थे और अपनी अच्छी पुलिसिंग के लिए जाने जाते हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर कोई गलत गतिविधियों में पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि थाने पर कोई पीड़ित महिला या पुरुष आता है, तो उनकी बात को सुनकर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने चौकी प्रभारी को आदेश दिए हैं कि थाने पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनता को शासन की मंशा के अनुरूप समय से उचित न्याय दिलाना और अपराधियों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी मिलती है, तो लोग उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि पुलिस आपकी मदद के लिए हमेशा तत्पर है। थाना प्रभारी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पुलिसिंग को 100% लागू करना है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता थाने से पूर्णतः पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट होकर जाए, यह तय किया जाएगा।

# नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने जामा मस्जिद से पान दरिबे तक पड़ने वाली सड़क उद्धघाटन किया

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने जामा मस्जिद से पान दरिबे तक पड़ने वाली सड़क उद्धघाटन किया, इस मौके पर शहर इमाम जामा मस्जिद नासिर खान साहब ने फीता काटकर उद्धघाटन किया, उनके साथ मौलाना फैजान खान साहब नायब इमाम जामा मस्जिद, मौलाना एहतेशाम उल्लाह खान, मौलाना मुकारिम उल्लाह खान मौजूद रहे, नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून का बाजार नसरुल्लाह खान मे व्यापारियों ने फूलो कि बारिश से स्वागत किया समाज सेवी मामून शाह खान को फूल माला पहनाई गयी, नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून बाजार नसरुल्लाह खान से जामा मस्जिद तक पैदल गयी रास्ते मे जगह जगह फूलो कि बारिश से स्वागत हुआ टीपू सुल्तान मार्किट, शादाब मार्किट, जामा मस्जिद, यूनियन बैंक, पानदरीबा तक स्वागत हुआ, नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने जिलाधिकारी जिला प्रशासन का धन्यवाद किया, नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया।

# रामपुर मंडी में आ रही समस्याओं को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से पदाधिकारी व व्यापारी साथी इकट्ठा होकर कलेक्ट पहुंचे वहां पहुंचकर मंडी में आ रही समस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट शालिकराम को एक ज्ञापन सौपा इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि मंडी समिति में बहुत सारी समस्याएं हैं उनका अति शीघ्र समाधान करना अति आवश्यक है इस पर कहा कि धान क्रय केंद्र को सब्जी मंडी चबूतरे से हटकर अनाज मंडी के नीलामी चबूतरे पर ही स्थापित कर जाना आवश्यक है चुनावी प्रक्रिया में मतदान पेटिया मतगणना का समस्त कार्य नवीन मंडी स्थल डूंगरपुर में ही होता है इसको हटाकर नुमाइश ग्राउंड में ले जाना चाहिए मंडी समिति में हेड पंपों की मरम्मत नहीं हो पाई है जिस कारण उसमें से दूषित व कीडो से भरा पानी निकल रहा है रात्रि को मंडी में लाइट की विद्युत की समुचित व्यवस्था नहीं है मंडी में लगातार चोरियों की वारदात बढ़ रही है जिसको रोका जाना भी एक अत्यंत गंभीर विषय है व्यापारियों व व्यापारी प्रतिनिधियों से मंडी समिति अधिकारियों का व्यवहार अत्यधिक दूर व्यवहार पूर्ण है जिसमें सुधार लाया जाना भी एक अनिवार्य विषय है मंडी समिति का निकासी गेट लगातार अनुरोध के बावजूद भी नहीं खोला जा रहा है।

# आगरा पुलिस कमिश्नरेट में आधुनिकीकरण की नई शुरूआत

**वेलकम इंडिया**



आगरा मैं के पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने मंगलवार को नवीनीकृत थाना साइबर क्राइम, पुलिस लाइंस स्थित परिवहन शाखा तथा परिवह न शाखा-112 के अत्याधुनिक कार्यालयों का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस थानों और शाखाओं का उद्देश्य न केवल पुलिसिंग को मजबूत बनाना है, बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित और त्वरित न्याय तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराना भी है। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार ने बताया कि आगरा कमिश्नरेट के सभी थानों और शाखाओं का नवीनीकरण चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आधुनिकीकरण पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ जनसुविधाओं में सुधार लाएगा। नए स्वरूप वाले थाने और शाखाएं पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, संवेदनशील और जनोपयोगी बनाएंगी, जिससे पुलिस-जनता संबंध और सुदृढ़ होंगे। नवीनीकृत थाना साइबर क्राइम में जनसुनवाई कक्ष, विवेचना कक्ष और आगंतुक कक्ष को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। यहां आधुनिक थाना कार्यालय, डिजिटल सुविधाएं, महिला हेल्प डेस्क, उन्नत उपकरण, प्रतीक्षा क्षेत्र समेत कई तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। पुलिस लाइंस स्थित परिवहन शाखा और परिवहन शाखा-112 के कार्यालयों का भी पूर्ण जीर्णोद्धार किया गया है। नवीनीकरण के बाद यह कार्यालय अधिक कार्यक्षम, सुव्यवस्थित और आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बने हैं।

# मोहल्ला कूचा देवी दास में एसआईआर जागरूकता कैंप आयोजित, 40 से अधिक फॉर्म भरवाए गए

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** शहर के मिस्टन गंज स्थित कूचा देवी दास क्षेत्र में गौरव जैन के आवास पर ज्ञानपुर सुखदेव क्लासेस के सहयोग से एक एसआईआर जागरूकता कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप में शहर क्षेत्र के बीएलओ का सहयोग करते हुए 50 से अधिक फॉर्म भरवाए गए। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा प्रदेश स्तर पर एसआईआर को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है तथा प्रशासन भी मतदाता सूची के शुद्धिकरण को लेकर अत्यंत सतर्क व जागरूक है। इस उद्देश्य से मतदाताओं को अपने फॉर्म समय पर भरने के लिए निरंतर निर्देशित किया जा रहा है।

अनु मिश्रा ने बताया कि एसआईआर मतदाता सूची के शुद्धिकरण की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से आगामी चुनाव व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व सुदृढ़ बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस संदर्भ में आयोजित यह कैंप आम नागरिकों को जागरूक करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध होगा। ज्ञानपुर सुखदेव क्लासेस के निदेशक सुखदेव मिश्रा ने बताया कि भविष्य में भी नियमित रूप से इस प्रकार के जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को एसआईआर प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जा सके और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर ज्ञानपुर सुखदेव क्लासेस के निदेशक सुखदेव मिश्रा, अनु मिश्रा, गौरव जैन, पूजा जैन, बीएलए राजेंद्र कुमार अग्रवाल, बीएलओ शिवांगी गुप्ता, बीएलओ फ्रफुल सेन गुप्ता, एक्सपर्ट फैकल्टी केशव कुमार मौर्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी हापुड़ की अध्यक्षता में नवम्बर माह में किसान दिवस आयोजन



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के जिलाधिकारी हापुड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार हापुड़ में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न क्षेत्रो के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक हापुड़ के द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया।

गतमाह सितम्बर, 2025 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण से सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। आज किसान दिवस में विभिन्न कृषको द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी। जिलाधिकारी महोदय हापुड़ द्वारा किसान दिवस में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों / प्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह में करके प्रत्येक दशा में निस्तारण की कार्यवाही की प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, हापुड़ कार्यालय निकट कोतवाली में उपलब्ध कराते हुये एक प्रति शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## पूर्व मंत्री, चांदपुर बिजनौर विधायक स्वामी ओमवेश पहुंचे गांव जौंठ हुआ जोरदार स्वागत

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** प्रदेश के पूर्व पीडब्ल्यूडी और गन्ना मंत्री समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता चांदपुर बिजनौर से सपा विधायक स्वामी ओमवेश मंगलवार को देर शाम गांव जौंठ में गूर्जर नेता अजब सिंह कपासिया के आवास पर पहुंचे। चौधरी अजब सिंह कपासिया के नेतृत्व में गणमान्य लोगों ने स्वामी जी का माल्यार्पण कर शाल ओढ़ाकर स्वागत सत्कार सम्मान किया। स्वामी जी ने अजब सिंह कपासिया के परिजनों से भैंटकर उनका हालचाल जाना। और उन्हें अपना स्नेह आशीर्वाद दिया। स्वामी जी ने बताया कि अजब सिंह कपासिया हमारे बहुत पुराने साथी रहे हैं जो कि राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह के बहुत नजदीकी और विश्वास पात्र रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सपा जिलाध्यक्ष सैयद हिमायत अली, जोगेंद्र पोसवाल छात्र नेता हर्ष ठाकुर धर्म पाल कपासिया आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के विकास भवन हापुड़ के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना को लेकर अधिकारियों एवं कम्पनी के वेंडरों के साथ समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने निर्देश दिए की योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले लाभार्थियों को बैंक लोन मैं मदद हेतु जिला प्रशासन द्वारा पहल शुरू की गई है अतः योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक लोगों के आवेदन कराए जाएं। योजना की जानकारी हेतु विभिन्न कंपनियों के वेंडर उदित सोलर सिस्टम, उमरा इंटरप्राइजेज, विष्णु इलेक्ट्रॉनिक्स एंड बैटरी इत्यादि से भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के 1 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। इस योजना के तहत, घरों को सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी दी जाएगी, जिससे उन्हें 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल सकेगी। मुख्य विकास अधिकारी संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि योजना में अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाया जाए।

## सार संक्षेप

### जाकिर खान बने अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ (अल्पसंख्यक) के राष्ट्रीय महामंत्री



**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर के मोहल्ला शहजाद गान, के निवासी जाकिर खान को अखिल भारतीय गौ रक्षा महासंघ (अल्पसंख्यक) में राष्ट्रीय महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन ने उनका मनोनयन कर उन्हें गौ संरक्षण के क्षेत्र में अहम दायित्व प्रदान किया, संगठन ने विश्वास जताया है कि जाकिर खान निष्ठा और अनुशासन के साथ महासंघ की नीतियों के अनुरूप कार्य करते हुए गौ सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों को मजबूती देंगे।संगठन द्वारा जारी निदेर्शों में कहा गया है कि मनोनयन के बाद जाकिर खान महासंघ की नियमावली का पालन करेंगे, ईमानदारी से गौ सेवा करने वाले कार्यकताओं का सहयोग करेंगे तथा किसी भी सरकारी नियम के विरुद्ध कार्य नहीं करेंगे।

### गीता शोध संस्थान में मनाया संविधान दिवस, शपथ दिलायी



**मथुरा/वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन के सभागार में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। गीता मर्मज्ञ महेश चंद्र शर्मा ने संविधान की विशाल पुस्तक को दिखाया। संविधान की उक्त पुस्तक के पेज 17 पर श्रीमद भागवत गीता के बारे में उल्लिखित वर्णन की उन्होंने जानकारी दी। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने सभी को संविधान की शपथ दिलायी। शपथ कार्यक्रम में प्रशिक्षण पाने वाले छात्र व छात्राओं के अलावा दिनेश खन्ना, डा उमेश चन्द्र शर्मा व दीपक शर्मा, आरसीए कालेज की प्रो रुचिरा, रितु सिंह, रोचना शर्मा, आकाश, मनमोहन, सुनील पाठक, आदि उपस्थित रहे।

### गिरिराज धाम पहुंचे महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी महाराज



**मथुरा/गोवर्धन।** भगवान कृष्ण की प्रमुख लीलास्थली गोवर्धन में भक्ति की धारा प्रभावित हुई। हरिद्वार के निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने गोवर्धन पहुंचकर गाड़ी से गिरिराज जी की परिक्रमा की। ब्रज वसुंधरा में दानघाटी मंदिर के सेवायत पवन कौशिक ने स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज को गिरिराज जी का प्रसाद भेंट कर प्रभु का प्रसादी दुपट्टा ओढ़ाकार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गिरिराज प्रभु कलियुग के साक्षात देव हैं। गोवर्धन पर्वत को योगेश्वर भगवान कृष्ण का साक्षात स्वरूप माना गया है। गिरिराज गोवर्धन को प्रत्यक्ष देव की मान्यता प्राप्त है। इन्हीं गोवर्धन पर्वत को द्वापर युग में भगवान कृष्ण द्वारा इन्द्र का मद चूर करने के लिए एवं ब्रजवासियों को इन्द्र के कोप से बचाने के लिए सात दिनों तक अपने वाम हाथ की कनिष्ठा अंगुली के नख पर धारण किया था। कलियुग में गिरिराज गोवर्धन को भगवान कृष्ण का ही साक्षात स्वरूप मानकर इनकी पूजा की जाती है। इस अवसर पर सुरेश कौशिक, राधाचरण कौशिक, सुनील कौशिक, विवेक शर्मा, मोंटी कौशिक, दिवाकर शर्मा, हरेकृष्ण चौधरी आदि मौजूद रहे।

# उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में थाना हापुड़ देहात का वार्षिक निरीक्षण किया

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में थाना हापुड़ देहात का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपमहानिरीक्षक ने गार्द की सलामी ली और तत्पश्चात थाना परिसर के विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया।निरीक्षण के अंतर्गत थाना कार्यालय के अभिलेख, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, फ्लाईशीट, तथा अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। इसके साथ ही कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना, शस्त्रागार, बन्दीगृह एवं थाना परिसर की साफ-सफाई और अभिलेख रखरखाव की गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया।

उपमहानिरीक्षक ने लंबित विवेचनाओं एवं लंबित प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।इसके अतिरिक्त ग्राम सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम चौकीदारों से वार्ता की गई तथा हल्का प्रभारी एवं बीट कर्मियों को ग्राम चौकीदारों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के दौरान ग्राम चौकीदारों को कम्बल वितरित किए गए, जिससे सभी में प्रसन्नता का माहौल रहा।यह निरीक्षण पुलिस व्यवस्था को और अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संविधान दिवस पर सभी पुलिस कर्मियों को थाना प्रभारी ने दिलाई शपथ

**नरौरा/रामघाट/बुलंदशहर।** भारतीय संविधान दिवस पर थाना प्रभारी ने दिलाई शपथ नरौरा थाना में संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी गंगा प्रसाद आर्य ने की।कार्यक्रम में नरौरा थाना के सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। उन्होंने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा, कर्तव्य और सेवा भाव का संकल्प लिया।थाना प्रभारी ने राष्ट्र के मौलिक कर्तव्यों, अधिकारों और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य कानून व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।गंगा प्रसाद आर्य ने बताया कि संविधान न केवल देश की आत्मा है।

## जिलाधिकारी ने मथुरा के बाद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का बाहरी निरीक्षण किया



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपद मथुरा के बाद स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का बाहरी निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम - वीवीपैट वेयरहाउस परिसर में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी नियमित रूप से अवश्य चेक करते रहे। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को मूल-भूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करे।

निरीक्षण में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज खंडेलवाल तथा लोक निर्माण विभाग प्रथम के अधिशासी अभियंता गुलशन सिंह मौजूद रहे।

# ब्रज कला चौपाल ने 'ही-मैन' धर्मेंद्र को दी भावभीनी स्वरांजलि



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** ब्रज कला चौपाल के कलाकारों/सदस्यों और आगंतुक अन्य कला प्रेमियों द्वारा शहर के जुबली पार्क के मंच पर खुले आसमान के नीचे मथुरा की सांसद एवं प्रसिद्ध नायिका ड्रीमगर्ल हेमामालिनी के पति महान अभिनेता धर्मेंद्र जी को दो मिनट का मौन रखते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि देने के बाद उनकी फिल्मों से जुड़े गाने गाकर और डायलॉग आदि बोलकर स्वरांजलि/भावांजलि दी गई। कलाकरों ने धरम जी से जुड़े किस्से भी बताए।

संस्था की अध्यक्षा नम्रता सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र जी का नाम धरम सिंह देओल था। वह सिनेमा जगत के एक महान और बहुमुखी अभिनेता/कलाकार थे। जिन्हें हम प्यार से 'ही-मैन' कहते थे। उन्होंने अपने छह दशकों से अधिक लंबे करियर में 300 से अधिक फिल्में दी, और 24 नवंबर को 89 वर्ष की आयु में गोलोकधाम गमन कर गए। हम सभी उन्हें याद कर भावांजलि, श्रद्धांजलि और स्वरांजलि अर्पित कर रहे हैं। इस अवसर पर दीपक शर्मा, शरद अग्रवाल, लक्ष्मी सिंह, विवेक, जतिन प्रताप सिंह, केशव, चंद्रा जी, सुजीत उपाध्याय, वेदांक, ऋषि, अमित, गोपाल चतुर्वेदी, आकाश और प्रेरणा पण्डित मुख्यरूप से उपस्थित रहे।

# आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड।** आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, हापुड़ में संविधान दिवस बड़े ही गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप प्रधानाचार्या अर्चना गौतम की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर सभी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा प्रार्थना सभा में संविधान शपथ लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों और कर्तव्यों के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट की।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे उनमें संवैधानिक जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें चर्चा-परिचर्चाः नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर निबंध

प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामःप्रथम स्थानः सुनहाली हरेंद्र कुमार द्वितीय स्थानः हर्षिता मूलचंद तृतीय स्थानः कनिका शर्मा सोनू शर्मा कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं संगीता सिंह, शिप्रा श्रीवास्तव, प्रेरणा साहू, सुशीला देवी, ममता देवी, रीना चौधरी तथा प्रीति सिंह का विशेष सहयोग रहा।

संविधान दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और जागरूकता बढ़ाने वाला साबित हुआ।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई

**मनोज शर्मा/वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में लोक भवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ, जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देखा गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान के मुख्य निमार्ता डॉ0 भीमराव आम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा नमन करते हुए श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर भी माल्यार्पण किया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान दिवस भारत में 26 नवंबर को मनाया जाता है, जो भारतीय संविधान के महत्व को दशार्ता है। यह दिन 1949 में संविधान सभा द्वारा संविधान को अपनाने की याद में मनाया जाता है, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। यह दिवस संविधान के निर्माण के पीछे के प्रयासों की याद दिलाता है। संविधान दिवस हमें नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करता है। देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय संविधान का निर्माण संविधान सभा द्वारा 9 दिसंबर 1946 को शुरू होकर 2 साल, 11 महीने और 18 दिन में पूरा किया गया था। इस अवधि में कुल 114 दिनों तक बैठकें हुई। 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया गया। इस दिन को ₹संविधान दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है। 26 जनवरी 1950 को संविधान को लागू किया गया और यह दिन ₹गणतंत्र दिवस₹ के रूप में मनाया जाता है।

## नील गाय की चपेट में आकर तीन बहनों के इकलौते भाई ने गंवाई जान

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** तीन बहनों के इकलौते भाई को नील गाय लील गई। बहिन की शादी के कार्ड बांटने गया नितिन जहांगीराबाद रोड पर नील गाय बाइक भिड़ंत में अकाल मृत्यु का शिकार हो गया। नितिन की असामायिक मौत से शादी वाले घर में कोहराम मच गया है। बारात 30 नवंबर को आनी थी। कस्बा औरंगाबाद पवसरा रोड निवासी इंद्रजीत शर्मा (लोहरका) वाले का युवा पुत्र नितिन शर्मा उम्र लगभग 32 वर्ष अपनी छोटी बहन की शादी के निमंत्रण पत्र बांटने बाइक पर सवार होकर बुधवार सुबह जहांगीराबाद गया था। जहांगीराबाद अहार रोड़ पर परिचितों को कार्ड देकर बाइक द्वारा वापस लौट रहा था। ?जहांगीराबाद-औरंगाबाद रोड़ पर प्रेमनगर टिटोटा मंदिर के समीप अचानक तेजी से आई नील गाय की टक्कर से बाइक सवार नितिन बुरी तरह जख़्मी हो गया। उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण बाद दिए आवश्यक निर्देश

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा डा0 सोने लाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कालेज) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेडिकल कालेज के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने मेडिकल कालेज में रजिस्ट्रेशन काउन्टर, ओपीडी, लैब, सीटी स्कैन, आईसीयू, फिजियोथैरिपी, अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड सेन्टर आदि का गहन निरीक्षण किया और वास्तविक स्थिति की फीडबैक प्राप्त की। उन्होने विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से वार्ता की और उनके स्वास्थ्य, उपचार, व्यवस्था तथा उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण ईलाज व सेवा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी।

डीएम ने दवाओं के स्टाक रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तो बताया गया कि 286 दवाओं में से 260 दवाओं की उपलब्धता बतायी गयी, डम्ब दवाओं का रख-रखाव सहीं ढंग से न पाये जाने व स्टाक रूम में दवायें डम्प मिलने पर डीएम ने चीफ फार्मासिस्ट कैलाश नाथ व फार्मासिस्ट बृज किशोर श्रीवास्तव को कड़ी फटकार लगायी और सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि दवाओं के स्टाक रूम की विभागीय आडिट टीम गठित कर जांच करायी जाये और तीन दिवस के अन्दर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये।

रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी में मरीजों की अधिक भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने भीड़ नियंत्रण के लिये टोकन सिस्टम लागू करने तथा मरीजों के बैठने और प्रतीक्षा क्षेत्र की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये ताकि किसी भी मरीज को असुविधा न हो। डीएम ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की जरूरत है, इस संबंध में शासन को भेजे गए सभी पत्रों की प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं ताकि शासन स्तर पर प्रभावी पैरवी करते हुये आवश्यक संसाधनों की स्वीकृति दिलायी जा सके। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, डाक्टरों को निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधायें देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये, जो भी सुविधायें शासन स्तर से प्राप्त हो रही है उन्हें मरीजों को मुहैया करायी जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, सीएमएस डा0 शैलेन्द्र कुशवाहा व स्वास्थ्य विभाग अधिकारी/डाक्टर उपस्थित रहे।

# लक्ष्मी गेट स्थित राम बाग मंदिर में श्री राम-जानकी विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया

वेलकम इंडिया



**झाँसी।** उत्तर प्रदेश के झाँसी शहर में स्थित प्रसिद्ध राम बाग मंदिर में श्री राम-जानकी विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों का भारी उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से सजे-संवरे आयोजन स्थल पर विवाह की दिव्य रचना का मंचन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

राम बाग मंदिर में आयोजित इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से श्रीराम और सीता माता के विवाह की कथा का संगीतमयी रूप से प्रदर्शन किया गया। पूजा अर्चना और भजन-कीर्तन के बीच विवाह के इस पवित्र कार्यक्रम का प्रसारण मंदिर परिसर में आयोजित किया गया, जिससे भक्तों को इस धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर मिला।

मुख्य पुजारी पं. पुनीत महाराज ने बताया कि इस उत्सव का आयोजन प्रत्येक वर्ष बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। उन्होंने कहा, ₹श्रीराम और माता सीता के विवाह का महत्व हमारे जीवन में सद्भाव, प्रेम और संतान सुख की कामना से जुड़ा हुआ है। इस पर्व से हमें त्याग, समर्पण और परिवार के महत्व को समझने का अवसर मिलता है।

इस अवसर पर श्रीमती लांड कुमार देवी, कल्पना सरावगी, सुषमा सरावगी, सीमा सरावगी, विनीता सरावगी विजय कुमार सरावगी, अजय कुमार सरावगी, संजय सरावगी, अभय सरावगी, अक्षय सरावगी, शुभम सरावगी और शौर्य सरावगी संस्कार, साहिल अमिता गंधी सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे। उनके द्वारा आयोजन में सक्रिय भागीदारी की गई और उन्होंने अपने आशीर्वाद से इस उत्सव को और भी भव्य बना दिया।

राम बाग मंदिर के प्रांगण में शाम को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकों और कलाकारों ने राम-सीता के भजनों के माध्यम से भक्तों को भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। रात्रि भर चलने वाले इस जागरण में मंदिर परिसर को दीपों और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था, जिससे वातावरण में एक अद्भुत आस्था और प्रेम का वातावरण बना हुआ था।

# स्वामी कपिलानंद महाराज ने अपने तपोबल व साधना के बल से असंख्य व्यक्तियों का कल्याण किया : साध्वी जटा वाली मां

वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन।** छटीकरा रोड़ स्थित श्रीकपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में चल रहे ब्रह्मलीन स्वामी कपिलानंद महाराज के त्रिदिवसीय तिरोभाव महोत्सव के दूसरे दिन स्वामी कपिलानंद महाराज की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक कर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य उनका पूजन-अर्चन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए महामंडलेश्वर साध्वी राधिका साधिका पुरी जटा वाली मां ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन संतों व प्रभु भक्तों की भूमि है।इस भूमि पर तमाम ऐसे संत विराजमान हैं,जो अपने तपोबल व साधना की शक्ति से असंख्य व्यक्तियों का कल्याण करते हैं।ऐसे ही हमारे पूज्य सदगुरुदेव स्वामी कपिलानंद महाराज थे।जिन्होंने श्रीधाम वृन्दावन में रहकर कठोर भगवदसाधना के बल पर श्रीराधाकृष्ण का प्रत्यक्ष दर्शन किया था।

महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू महाराज एवं महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी कपिलानंद महाराज श्रीधाम वृन्दावन की बहुमूल्य विभूति थे।उन जैसे संतों से ही संत समाज के गौरव में निरन्तर वृद्धि हो रही है। श्रीपीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बाबा बलरामदास देवाचार्य महाराज व प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि स्वामी कपिलानंद महाराज संत समाज के सिरमौर थे।उनके रोम-रोम में संतत्व विद्यमान था।उनके द्वारा स्थापित सेवा प्रकल्प श्रीकपिल कुटीर सांख्य योग आश्रम में आज भी पूर्ण समर्पण के साथ संचालित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. आदित्यानन्द गिरि महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि महाराज, महंत प्रह्लाद दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी प्रकाशानंद महाराज, पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, महंत मोहिनी शरण महाराज, प्रमुख बसपा नेता देवी सिंह कुंतल, वरिष्ठ भाजपा नेता रामदेव सिंह भगौर (आगरा) आदि रहे।

# भारतीय संविधान की प्रस्तावना महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी : मण्डलायुक्त

वेलकम इंडिया



**झांसी।** मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे की अध्यक्षता में ₹संविधान दिवस₹ के अवसर पर आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का पठन-पाठन आयुक्त सभागार में किया गया।

इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठन करते हुए मण्डलायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ शपथ ली कि, ₹हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए सत्यनिष्ठा से संकल्प लेते हुए अपनी संविधान सभा में इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। मण्डलायुक्त ने बताया कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना को हमारे देश के विद्वानों द्वारा गम्भीर विचार-विमर्श के बाद अंगीकृत किया गया। भारतरत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के नेतृत्व में भारतीय संविधान का निर्माण हुआ, जिसमें देश के प्रत्येक व्यक्ति के उत्थान के लिए मौलिक अधिकार प्रदान किये गये। भारतीय संविधान की प्रस्तावना इतनी महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी है कि हम सभी को भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लिखित प्रत्येक शब्द का अनुपालन करना चाहिए। आज हम सभी को भारतीय संविधान के प्रति राष्ट्र के विकास के लिए अपना योगदान करने हेतु संविधान में लिखित सभी शब्दों को अपने जीवन एवं आचरण में धारण करने का संकल्प लेना चाहिए।

इस दौरान अपर आयुक्त प्रशासन उमाकान्त त्रिपाठी, अपर आयुक्त न्यायिक प्रियंका सिंह, एडी सूचना सुरजीत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, वैयक्तिक सहायक राकेश कुमार, फिरोजा, नईम, गौरव, राजकुमार सहित आयुक्त कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तीन अपराधियों को 2-2 वर्ष का कारावास और 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड की हुई सजा

**बुलंदशहर।** विशेष लोक अभियोजक योगेश कुमार के अनुसार दोषी सलीम (दिल्ली), देवेंद्र (मैनपुरी) और धर्म सिंह (फतेहपुर) मनोज यादव के अवैध गैंग के सक्रिय सदस्य थे। यह गैंग बिजली तार व उपकरण चोरी कर आर्थिक लाभ कमाता था तथा क्षेत्र में भय का वातावरण बनाए हुए था।

तत्कालीन थाना अध्यक्ष सिकंदराबाद द्वारा तैयार गैंग चार्ट के आधार पर 16 सितंबर 2023 को गैंगस्टर एक्ट की ऋकफ दर्ज की गई थी। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर तीनों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट) चंद्रविजय श्रीनेत ने सुनवाई के बाद तीनों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लेखपाल व बीएलओ को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अपने बूथ के सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्र को शत प्रतिशत वितरित, एकत्रित एवं डिजिटाइज करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो बीएलओ व एक लेखपाल को कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया चुनावी व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें बीएलओ की भूमिका निर्णायक होती है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित बीएलओ द्वारा समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय योगदान दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में उपदेश कुमार, लेखपाल को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में बूथ संख्या -07-जू०हा०स्कूल भानूमाफी, 60-प्रा०वि०भगवतपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 312-मेंहदावल में गणना प्रपत्रों को भरवाकर डिजिटाईजेशन कार्य में सहयोग प्रदान किया गया है। इस कार्य हेतु इन्हें सम्मानित किया गया है।

तपानाथ मौर्य, बूथ लेवल अधिकारी (रोजगार सेवक) को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में बूथ संख्या-07-जू०हा० स्कूल भानूमाफी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-312-मेंहदावल में अच्छे कार्य हेतु सम्मानित किया गया हैं।

इनके बूथ में कुल 810 मतदाता के सापेक्ष 743 मतदाता का डिजिटाईजेशन किया गया है। कुल 91.73 प्रतिशत कार्य हुआ है।

इसी क्रम में श्रीमती पूनम, बूथ लेवल अधिकारी (आगनवॉड़ी) को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में बूथ संख्या-60-प्रा०पा० भगवतपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-312-मेंहदावल में अच्छे कार्य हेतु सम्मानित किया गया हैं। इनके बूथ में कुल 619 मतदाता के सापेक्ष 546 मतदाता का डिजिटाईजेशन किया गया है। कुल 88.21 प्रतिशत कार्य हुआ है।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया विकास भवन में विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** मुख्य विकास अधिकारी आर.सी. तिवारी ने बुधवार को विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ के औचक निरीक्षण की सूचना मिलते ही अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।कर्मचारी एक दूसरे विभाग से उनके निरीक्षण की जानकारी लेते नजर आए और अपने विभागों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुट गए।

निरीक्षण के दौरानसीडीओ ने जिला विकास कार्यालय, डीआरडीए, समाज कल्याण, अर्थ एवं संख्या, सहकारिता, उद्यान, कृषि, बाल विकास, पशुपालन, मत्स्य, ग्रामीण निर्माण, डेयरी, रीप परियोजना, उरेड़ा, पंचायतीराज, पंचस्थानि, युवा कल्याण एवं बहुउद्देश्यीय वित्त एवं विकास निगम के कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण में विभागवार कार्मिकों की उपस्थिति, अनुपस्थिति एवं अवकाश अभिलेखों की गहन जांच की गई।

समाज कल्याण विभाग में एक कार्मिक के हस्ताक्षर कर अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण तलब किया गया तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी से समस्त अवकाश अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

सहकारिता विभाग में उपस्थिति पंजिका में अनियमितता एवं निरीक्षण के समय कार्मिकों के अपनी सीट से अनुपस्थित मिलने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। वहीं बाल विकास, पशुपालन, रीप एवं उरेडा विभागों में सभी कार्मिक उपस्थित पाए गए। मत्स्य विभाग के चार में से दो, ग्रामीण निर्माण विभाग के सात में से एक तथा डेयरी विभाग का एक कार्मिक अवकाश पर मिला, जबकि पंचस्थानि विभाग के सभी कार्मिक उपस्थित थे।

निरीक्षण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति अनुशासन एवं कार्यस्थलीय व्यवहार सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए।तथा लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

# अब मध्यप्रदेश में भी होगा विश्व हिन्दू संगठन फाउंडेशन का विस्तार

**बुगरासी।** विश्व हिन्दू संगठन फाउंडेशन का प्रचार मध्यप्रदेश के भोपाल के आसपास के जिलों में साथियों से विचार विमर्श कर किया जायेगा। उक्त विचार विश्व हिन्दू सनातन फाउंडेशन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश चौहान ने अपने आवास पर अपने संबोधन में कहे। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर 2025 से 3 दिसंबर 2025 तक मध्यप्रदेश में अपने साथियों से विचार विमर्श के बाद मध्यप्रदेश में भोपाल के पास के जिलों मे संगठन को मजबूती से खडा किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन को खडा करने मे कोई भी लापरवाही नही बरती जायेगी। उन्होंने बताया कि कडी सर्दी के बाद भी हम संगठन को मजबूती के साथ प्रचार प्रसार कर बढ़ावा देंगे।

# यातायात पुलिस टीम ने पब्लिक स्कूल इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद के छात्रों को किया जागरुक

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** बुद्धवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियम राजशेखर पाण्डेय पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी परमहंस ने संतकबीर पब्लिक स्कूल इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में यातायात जागरुकता अभियान आयोजित कर छात्र/छात्राओं को जागरुक किया गया और यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलायी गयी ।

तत्पश्चात छात्रों को *राह वीर गुड समेरिटन योजना* के बारें में जानकारी दी गयी यह योजना सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को शीघ्र चिकित्सा सहायता दिलाने के उद्देश्य से राह वीर पूर्ववर्ती गुड समेरिटन योजना प्रारंभ की गई है । इस योजना के अन्तर्गत वे नागरिक, जो किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाते हैं, उन्हें सरकार की ओर से प्रोत्साहन राशि तथा सम्मान-पत्र प्रदान किया जाता है । छात्रों को जागरुक करते हुए बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिवार में अपने माता-पिता और अपने भाई-बहन जो 18 साल से ज्यादा उम्र के हैं, सबको जाकर घर पर बताएं कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें । बच्चों के प्रोत्साहन हेतु यातायात नियमों से संबंधित पुछे गये प्रश्नों का सही जवाब देने वाले छात्र/छात्राओं 01. सौम्या सिंह (कक्षा 05) 02. गौरी सिंह (कक्षा 01) को यातायात प्रभारी द्वारा पुरस्कार देकर पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी ।

यातायात माह, जिसे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में भी जाना जाता है, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष नवम्बर माह में आयोजित किया जाता है। यह अभियान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने, दुर्घटनाओं को कम करने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जन-जागरुकता एवं सड़क सुरक्षा यातायात माह अभियान का शुभारम्भ दिनांक 01.11.2025 से 30.11.2025 तक किया गया है जिसके तहत स्कूलों, कॉलेजों और कार्यालयों में सेमिनार, वर्कशॉप और रैली आयोजित कर, सोशल मीडिया पर #रौंफङ्ङरि2025 हैशटैग के माध्यम से वीडियो और इन्फोग्राफिक्स के द्वारा जन-जागरुकता के साथ नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है ।

# संविधान दिवस पर आयोजित हुई विचार गोष्ठी



वेलकम इंडिया

**मेंहदावल।** बुधवार को अपने निरीक्षण के क्रम में पूर्व बीईओ ज्ञानचंद्र मिश्र ने उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसम्हा में 76 वें संविधान दिवस पर आयोजित विचार संगोष्ठी में प्रतिभाग किया।उनके द्वारा बच्चों को संविधान के विषय पर जागरूक किया गया और उनके बीच में पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई।

बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने बताया कि संविधान की प्रस्तावना हर भारतीय के लिए ध्येय वाक्य है।भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है।वास्तव में यह दुनिया के सभी लोकतांत्रिक देशों के लिए? भारत के समृद्धशाली व संवेदनशील उदाहरण है जो अनेकता में एकता को प्रदर्शित करता है। एकता को सहजने में संविधान और प्रस्तावना एक प्रेरणा की तरह काम करता है।भारत देश के संविधान को दुनिया के सबसे सुखद संविधानों के तौर पर दुनिया में याद किया जाता है। संविधान दिवस पर विद्यालय में आयोजित हुए पोस्टर और निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशी कक्षा आठ ने प्रथम, गौरी कक्षा छह ने द्वितीय और मो. आमिर कक्षा आठ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी अव्वल आए हुए बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पुरस्कृत और प्रमाण पत्र दिया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक सरवरे आलम,राजीव कुमार पाण्डेय,सुनीता भुक्ता, शुभम मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# विकास के दावों की खुली पोल, सड़क पर जल भराव ग्रामीणों का धरना

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** विकासखंड क्षेत्र के देहात सलेमपुर मार्ग पर लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन आजाद गुट के नेतृत्व में ग्रामीणों ने विकासखंड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सहायक विकास अधिकारी कृषि जयदेव कुमार को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन आजाद गुट के नेटवर्क में दर्जनों ग्रामीण विकासखंड प्रांगण में पहुंचे।

ग्रामीणों ने धरना दिया ग्रामीणों का कहना है कि सलेमपुर रोड पर कई दिनों से सड़क पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे बस्ती के लोगों, राहगीरों और स्कूली बच्चों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्राम प्रधान और ब्लॉक स्तर पर कई बार मौखिक व लिखित शिकायतें करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। प्रदर्शन करें ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहें प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित चौधरी व शाहरुख ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान बजट की कमी का हवाला देकर कार्रवाई नहीं कर रहे, वहीं संबंधित अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे। विकास का दावा करने वालों की सलेमपुर मार्ग पर जल भराव होने से पोल खुली हुई है। चेतावनी दी गई कि यदि जल्द समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने को बाध्य होंगे। आरोपी की सड़क पर जल भरा होने से निकट के कब्रिस्तान में भी पानी घुस गया है।

ग्राम प्रधान पति चमन सिद्दीकी ने कहा कि बजट की कमी के कारण कार्य में देरी हो रही है। निस्तारण के लिए सचिव एवं लेखपाल को मौके पर भेजा गया है जल्दी निस्तारण कराया जाएगा। वहीं ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से दूर करवाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। सचिव अनुज तोमर का कहना है कि सड़क पर जल भराव की शिकायत संज्ञान में आई है जल्दी निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान धरना प्रदर्शन में मोहम्मद शाहरुख, वाटसन, अब्जर, महिपाल, जितेंद्र, वामिक, सोनू, राहुल, दिलशाद, उमेद, कालू, इकराम, कलीम, इस्माइल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 95 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा संविधान दिवस मनाया

**वाराणसी।** 95 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा वाहिनी मुख्यालय पहड़ियां वाराणसी में 26 नवम्बर 2025 बुधवार को संविधान दिवस को संवैधानिक मूल्यों के राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया गया तथा भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर इसकी शपथ ली गयीं उक्त समारोह में वाहिनी के कमांडेंट राजेश्वर एस बालापुरकर, द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार सिंह और आलोक कुमार, अन्य अधिकारियों तथा वाहिनी के कार्मिकों की उपस्थिति रही इसी क्रम में कमांडेंट 95 द्वारा उपस्थित सभी कार्मिकों को सम्बोधित करते हुये भारतीय संविधान की इतिहास व निर्माण के बारे में बिस्तारपूर्वक बताया गया तथा सामाजिक जीवन में इसके महत्व के बारे मे जानकारी दी गई साथ ही बताया गया की यह अवसर भारत द्वारा संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि का प्रतीक है जिसे सभी को अपनाना चाहिए।

# कतकी मेले का शुभारंभ भाजपा कार्यालय प्रभारी और व्यापार मंडल अध्यक्ष ने किया







वेलकम इंडिया/समर्थ कुमार सक्सेना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कतकी मेले का शुभारंभ भाजपा कार्यालय प्रभारी भारत दीक्षित और व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंडित आशु शर्मा ने किया। इस बार का मेला काफी आकर्षक है, जिसमें विदेशी कलाकारों द्वारा पानी के अंदर करतब दिखाए जा रहे हैं, जिसे ₹समुद्री जलपरी₹ कहा जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रकार के उत्पादों की दुकानें लगाई गई हैं, जिनमें बोर्न चाइना की क्राकरी, फिरोजाबाद की चूड़ियाँ, सहारनपुर का फर्नीचर, कश्मीरी शॉल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, और बहुत कुछ शामिल है य।

मेला सुरक्षा और साफ-सफाई की दृष्टि से भी आकर्षक है, जिसमें पूरे क्षेत्र में मेटिंग बिछाई गई है। आयोजक संजय शर्मा और शुभम गुप्ता हैं।

## बसंत कन्या महाविद्यालय की छात्रा दीपांजलि शर्मा को जीवनदीप महाविद्यालय में मिला प्रथम पुरस्कार



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्विद्यालय के अंतर्गत वसंत कन्या महाविद्यालय में साइक्लोजी की पढ़ाई कर रही छात्रा दीपांजलि शर्मा को बड़ा लालपुर स्थित जीवनदीप महाविद्यालय के संसद हॉल में आयोजित इंटर कॉलेज यूनाइटेड नेशन्स ह्यूमन राइट्स कॉउन्सिल मॉडल में दीपांजलि शर्मा को यूएसए देश की तरफ से बेहतर तरीके से राष्ट्र की बात रखने के लिए बेस्ट डेलीगेट के रूप में मिला प्रथम पुरस्कार, सेक्रेट्री, प्रिंसिपल, नोडल ऑफिसर ने बेस्ट डेलीगेट की ट्राफी देकर किया सम्मानित जीवनदीप महाविद्यालय के प्रिंसिपल ने पारितोषक देते हुए छात्रा की सराहना करते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की, उन्होंने कहा की बिटिया आगे भी इसी तरह महाविद्यालय के साथ-साथ राज्य और देश का नाम रौशन करती रहें इससे पहले भी दीपांजलि शर्मा को कतर देश के डेलीगेट के रूप में बसंत कन्या महाविद्यालय के संसद हाल में आयोजित प्रतियोगिता में भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ था। प्रथम पुरस्कार मिलने की खबर सुनते ही दीपांजलि शर्मा के महाविद्यालय के सहेलियों, दादा, दादी, नाना नानी, मामा, मामी, मौसा, मौसी, भाई टीपू, राहुल, घनश्याम दीपक, प्रद्युम्न, सोनू मोनू, आरती, स्वीटी, सृष्टि मुस्कान, नैन्सी, जिगर, निशु, अंशु ने खुशी जाहिर करते हुए छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शुभकामनाएं भेंट की।

## संविधान दिवस पर प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों के प्रति निष्ठा की दिलायी शपथ



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी मोहित अग्रवाल द्वारा पुलिस कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारीगण को भारतीय संविधान की प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्यों तथा उसमें निहित राष्ट्रनिर्माण की भावना से अवगत कराया गया उन्होंने संविधान की प्रस्तावना हम भारत के लोग का उच्चारण कराते हुए उसमें समाहित मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा संविधान हमें सार्वभौमिक, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतांत्रिक एवं गणराज्य राष्ट्र के निर्माण की दिशा में प्रेरित करता है तथा न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता जैसे मूलभूत आदर्शों को व्यवहार में उतारने की शक्ति प्रदान करता है यह केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा, नागरिक अधिकारों का रक्षक एवं कर्तव्यों का पवित्र मार्गदर्शक है। पुलिस आयुक्त के द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और संप्रभुता की रक्षा हेतु शपथ दिलाई गई उनके द्वारा कहा गया कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान अंगीकृत किया गया तथा 26 जनवरी 1950 को प्रभावी होने के साथ ही भारत एक पूर्ण गणराज्य बनो इसलिए प्रत्येक नागरिक एवं सरकारी सेवक का यह सर्वोच्च धर्म है कि संविधान के प्रत्येक प्रावधान का अक्षरशः पालन करें और राष्ट्रहित में मौलिक कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करें।

## आज 27 नवंबर को बंद रहेगा डिबाई का गोविंदपुर रेलवे फाटक

**डिबाई/बुलंदशहर।** डिबाई स्टेशन एवं धर्मपुर हाल्ट के बीच समपार का टीआरआर कार्य चलेगा इसके चलते आज गुरुवार 27 नवंबर को सड़क यातायात बंद रहेगा फाटक बंद रहने से राहगीरों को समस्या हो सकती है रेलवे अफसरो ने डीएम और एसएसपी को पत्र भेजकर वाहनों को गोविंदपुर फटाक से पूर्व रोकने की मांग की है। उत्तर रेलवे राजघाट नरौरा के सीनियर सेक्शन इंजीनियर विपिन राज ने बताया कि डिबाई स्टेशन व धर्मपुर हॉट के बीच स्थित समपार संख्या 66/ सी गोविंदपुर फाटक का सड़क यातायात 27 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच तक बन्द रहेगा रेलवे लाइन की मरम्मत का कार्य सुचारू चल सके इसके लिए फाटक पर आवाजाही बंद रहेगी।

# संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में संविधान दिवस पर नाटक आयोजित




वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** संविधान दिवस के अवसर पर नगर के मोहल्ला शेखजादगान स्थित संत गोरखनाथ चिल्ड्रन एकेडमी में भारतीय न्याय व्यवस्था पर आधारित एक आकर्षक नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से छात्रों ने संविधान में वर्णित न्यायपालिका की भूमिका, उसके अधिकारों और आम नागरिकों को मिलने वाले न्याय के महत्व को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीत से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य कुमारी रंजना मित्तल ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 26 नवंबर 1949 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया था, जो 26 जनवरी 1950 से देश में लागू हुआ।छात्रों ने न्यायाधीश, वकील और अभियुक्त जैसे विभिन्न न्यायिक पदों की भूमिकाओं को जीवंत करते हुए पूरी न्याय प्रक्रिया का मंचन किया।

विद्यालय के प्रबंधक क्षितिज मित्तल, उपस्थित शिक्षकों और छात्रों ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की गहराई और न्यायपालिका की कार्यप्रणाली को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिला।अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा छात्रों को संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों के पालन का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# एसआईआर अभियान की समीक्षा करने के लिए अजगरा विधानसभा पहुंचे मंडलायुक्त

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** मंडलायुक्त एस राजलिंगम बुधवार को एसआईआर अभियान की समीक्षा करने के लिए सीधे मतदाताओं के घरों को पहुँचे मंडलायुक्त द्वारा अजगरा विधानसभा पहुँचकर वहाँ विभिन्न घरों का दौरा किया गया तथा मतदाताओं से फॉर्म वितरण, फॉर्म कलेक्शन समेत अन्य कार्यों के संबंध में जानकारियां ली गयीं मंडलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ सहित अन्य अधिकारियों को वोटरों को सही जानकारी देने, गणना फार्म वितरित करने के साथ ऑनलाइन फीडिंग का कार्य समय के साथ पूर्ण करने के साथ प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो तथा किसी भी पात्र मतदाता को अपने अधिकार से वंचित न होना पड़े बूथ लेवल अधिकारियों को फॉर्म कलेक्शन एवं ऑनलाईन फीडिंग का कार्य पूर्ण करने एवं मतदाताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराकर समस्त फॉर्म प्राप्त करने के निर्देश दिए उन्होंने सभी बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारी निष्ठा, पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ निर्वाचन कार्यों में अपना योगदान देने को कहा।

मंडलायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन कार्य लोकतंत्र की नींव है सही एवं पूर्ण मतदाता सूची ही प्रत्येक नागरिक को मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग सुनिश्चित करती है उन्होंने कहा कि बीएलओ एवं सुपरवाइजर इस प्रक्रिया के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं जो घर-घर जाकर मतदाता सूची की सत्यता सुनिश्चित करते हैं।

एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजबूत आधार होता है उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस बार एसआईआर अभियान को अधिक पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए व्यापक डिजिटल प्रक्रियाओं का उपयोग किया गया।

## वाराणसी में पेंशन अदालत एवं जीवन प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त शासन एवं सुशासन के संकल्प प्रशासन आपके द्वार को मूर्त रूप देने हेतु कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 के तहत एक पेंशन अदालत एवं जीवन प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन बुधवार को कार्यालय नियंत्रक संचारलेखा, उप कार्यालय सीटीओ कैन्ट वाराणसी परिसर में किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मनीष कुमार गुप्ता, नियंत्रक संचारलेखा, उ.प्र. (पूर्व), लखनऊ द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक उच्चारण कर किया गया कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए 80 वर्ष से अधिक आयु वाले पेंशनभोगियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया और पेंशनभोगियों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई।

# संविधान दिवस पर रंग-बिरंगा सांस्कृतिक संगम, कार्यक्रम आयोजित किया गया




वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रांगण में सांस्कृतिक एवं देश भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद तथा सद्भावना कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस समारोह पूरे लोक, सांस्कृतिक रंग में सजकर मनाया गया।प्राचार्य प्रो. बृज भूषण की प्रेरक अगुवाई में छात्राओं ने एक स्वर में संविधान की शपथ दोहराई, और न्याय, समानता, अधिकारों की धुन पर संकल्पों का दीप जलाया।

वातावरण में ऐसा उल्लास था मानो लोक कलाकारों की टोली ने एकता और लोकतंत्र का बड़ा मंच सजा दिया हो।इसके बाद, संविधान में समानता, सबके लिए न्याय एवं अनेकता में एकता₹ विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता ने माहौल को रचनात्मकता से भर दिया। रंगों की छटा बिखेरती छात्राओं ने अपनी कल्पना को संविधान की रेखाओं में पिरो दिया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, रुकैया द्वितीय स्थान, महक तृतीय स्थान झ महक फातिमा ने अपने हुनर से सबका दिल जीता। कार्यक्रम डॉ. नयना शर्मा और डॉ. श्याम बाबू देखरेख में संपन्न हुआ इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# डॉक्टर लियाकत अली जलज को काशी सांसद सांस्कृतिक नुक्कड़ नाटक में मिला जनपद में प्रथम स्थान



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** शिवपुर स्थित गुरु नानक स्कूल के कैंपस में लगभग 15 टीमों और एकल नाटक कलाकारों ने प्रस्तुत किया जिसमें वरुणा पार जोन में प्रथम आए रंगकर्मी डॉक्टर लियाकत अली जलज ने भ्रूण हत्या, प्रदूषण और विकास पर एकल प्रस्तुति दी। दर्शकों ने करतल ध्वनि से डॉक्टर लियाकत अली जलज का उत्साहवर्धन किया वहीं वाराणसी के मेयर अशोक तिवारी ने डाक्टर लियाकत अली जलज को जिलें प्रथम स्थान पाने पर प्रमाण पत्र एवं गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद सिंह ने दिया बधाई वही बेसिक शिक्षा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव रहे।

शामिल अन्य टीमों में काव्या टीम के नाटक रिकॉर्डिंग को लेकर जूरी जज मेंबर डाक्टर शुभ्रा वर्मा ने कहा कि बच्चों के विकास में बाधक है रिकॉर्डिंग और ए आई रिकॉर्डिंग अध्यापकों द्वारा बच्चों के भविष्य के लिए घातक हो सकता है इसलिए सभी अध्यापक अध्यापिकाओं को उनके डायलॉग बुलवाने चाहिए काशी विद्यापीठ के बच्चों ने 2047 के विकसित भारत पर नाटक प्रस्तुत कियो जूरी मेंबरों में ध्रुव सिंह चौहान, प्रोफेसर अरुण जैन, नाट्य गुरु डॉक्टर शुभ्रा वर्मा शामिल रही।

नेहा एंड ग्रुप में काशी विद्यापीठ ब्लॉक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नुक्कड़ किया खुशी ग्रुप अग्रसेन कन्या विद्यालय जिज्ञासा ने एकल नुक्कड़ नाटक किया मधु मालवीय और आकांक्षा के नेतृत्व में यह नाटक हुआ 19 से 40 के ग्रुप में मधु सिंह, रागनी विश्वकर्मा और संगीता कुमारी ने नुक्कड़ नाटक मे मोबाइल ले डूबा प्रस्तुत किया वहीं ऋचा सिंह ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर मार्मिक फोकस कियो शालिनी ग्रुप सेवापूरी ब्लॉक से बच्चों के ऊपर बोझ देना उन्हें जबरदस्ती कुछ बनने के लिए प्रेरित करना और बच्चों द्वारा आत्महत्या फांसी और जहर खुरानी करना यह इस नाटक में दिखाया गया वहीं एकल नाटक में जिज्ञासा अग्रसेन कॉलेज की बालिका ने अपनी प्रस्तुति दी।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के टीम भी प्रथम जिसे मेयर अशोक तिवारी गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन की गोल्ड मेडल पाने वाले में अनुराधा कुमारी, भानु प्रताप, रंजना सोनकर, संस्कृति दूबे प्रदीप, आरव, शालिनी कुमारी, गौरवमणि, नीरज, स्मार्ट सिटी स्कूल के प्राचार्या रीता यादव भी शामिल रही।व्यवस्थापक में एवं पंजीकरण में विभोर रघुवंशी, डॉक्टर शशी भूषण त्रिपाठी, पूर्वा विक्रम, आरती गुप्ता, शामिल रहीं।

# मकान में लगी आग, हजारों का सामान खाक, एक बकरी झुलसी

वेलकम इंडिया



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला खेल में उस समय हड़कंप मच गया जब देर रात मोहल्ला निवासी राशिद के मकान के एक कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग भड़क उठी। आग की तेज लपटों ने देखते ही देखते कमरे में रखा सारा घरेलू सामान अपनी चपेट में ले लिया और सब कुछ जलकर राख हो गया।

पीड़ित राशिद ने बताया कि घटना के समय वह मकान के दूसरे कमरे में सो रहा था। अचानक शोर-गुल होने पर उसकी आंख खुली और उसने देखा कि घर के अंदर से धुआं और आग की लपटें उठ रही हैं। इसी बीच मोहल्लेवासी भी शोर सुनकर घर की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुट गए। घटना में मकान स्वामी की एक बकरी भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे स्थानीय लोगों ने किसी तरह बाहर निकाला।

मोहल्ले के लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर और अन्य स्थानीय साधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से पीडित के अनूसार उसका हजारों रुपये का घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया है।

सूचना पर पुलिस पहुंची तथा पूरे प्रकरण की जानकारी ली। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है, हालांकि पड़ोसी और परिजन इसे संदिग्ध मान रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## काशी तमिल संगम4 विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में संध्या भजन से गूँजी भक्ति-धारा

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना एक भारत, श्रेष्ठ भारत को साकार करने हेतु आगामी 2 दिसंबर से 15 दिसंबर 2025 तक वाराणसी में भव्य रूप से काशी तमिल संगमम्झ4 का आयोजन होने जा रहा हैं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारियाँ पूरे उत्साह के साथ जारी हैं। इसी क्रम में आज बीएचयू स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में एक विशेष पूर्व आयोजन के अंतर्गत संध्या भजनह्व का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोकगीत एवं देवी-भजनों का सामूहिक गायन किया।

# डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय राजस्थान का 8वां दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया







**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय, राजस्थान का 8 वाँ दीक्षांत समारोह दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर के सभागार संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, भारत सरकार रहे। समारोह के विशेष अतिथि पूज्य धर्मवत्सलदास स्वामी जी, अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ संत, स्वामी नारायण संस्था तथा विशिष्ट अतिथि पूज्य मुनिवत्सल स्वामी जी, प्रशासनिक प्रभारी, अक्षरधाम मंदिर, दिल्ली रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के चेयरमैन तथा डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय, राजस्थान के कुलाधिपति प्रोफेसर डॉ डी के मोदी ने अपने अभिवाचन से अधिग्रहित किया। उन्होंने कहा कि डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत आने वाले सभी संस्थानों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचल तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय शिक्षा देना तथा महिला सशक्तिकरण है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. पी. एन. ऋषीकेसा ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्य, स्थापित किए गए आयाम तथा प्लेसमेंट को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया।विशिष्ट अतिथि पूज्य मुनिवत्सल स्वामी जी ने अपने अभिवाचन में डॉ के एन मोदी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे उन्नत कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वामी जी ने बताया कि स्वामीनारायण संस्था विश्व स्तर पर आध्यात्मिक, सामाजिक और मानवीय कार्यों के उत्थान में लगी हुई है। संस्था की गतिविधियाँ निःस्वार्थ सेवा के सिद्धांत पर केंद्रित हैं और हिंदू आध्यात्मिक परंपराओं में निहित हैं और आध्यात्मिक शिक्षा के केंद्रों के रूप में मंदिरों का निर्माण और रखरखाव करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नितिन गडकरी ने अपने आशीर्वचन में समस्त मेडल प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने यह जानकर प्रसन्नता व्यक्त की कि डॉ डी के मोदी मोदीनगर में डॉ के एन मोदी विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर संकल्परत हैं। उन्होंने अपने जीवन में आई चुनौतियों से सभी छात्र छात्राओं को अवगत कराते हुए यह भी बताया कि उनका सामना धैर्य, संयम से करना चाहिए। जीवन में माता-पिता के स्थान को ऊंचा बताते हुए सदैव उच्च आदर्शों पर चलने की सलाह दी। उन्होंने अपने संभाषण में विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित केंद्रीय कार्यशाला, महिला उत्थान के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों,एफ एम चैनल रेडियो गिनी की सराहना की। दीक्षांत समारोह में 19 छात्रों को पीएचडी, 33 छात्रों को स्वर्ण पदक, 33 छात्रों को रजत पदक तथा 33 छात्रों को कांस्य पदक प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त संजय गुप्ता, धीरज धर गुप्ता, जाने माने उद्योगपति को मानद पी एच डी की उपाधि विश्वविद्यालय की ओर से प्रोफेसर डॉ डी के मोदी द्वारा प्रदान की गई। तत्पश्चात सभी डिग्री प्राप्त कताओं को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई कि वे सभी समाज और राष्ट्र के हित में अपनी शिक्षा का सदैव सदुपयोग करेंगे। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रोफेसर डॉ आर के खंडाल, पूर्व कुलपति, एकेटीयू, लखनऊ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्रीमती रेनू मोदी, मानव मोदी, श्रीमती निधि मोदी, नव्या मोदी एवं वेद्या मोदी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन कैप्टेन राजीव सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से डॉ. शशि कुमार नायर, श्री यू. एन. मिश्रा, शहर की कई जानी-मानी हस्तियां, डॉ के एन मोदी फाउंडेशन के अंतर्गत आने वाले सभी संस्थानों के डायरेक्टर, प्रिंसिपल, शिक्षक, रजिस्ट्रार तथा मीडिया पर्सन आदि उपस्थित रहे।

# आरकेजीआईटी के एमबीए विभाग में मंथन-2025- बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** आरकेजीआईटी कॉलेज में स्टूडेंट्स के लिए बिजनेस क्विज- मंथन, का आयोजन किया गया क प्रोग्राम में कई प्रोफेशनल्स ने स्टूडेंट्स को मैनेजमेंट के मौजूदा तरीकों से अवगत कराया ! क्विज कंपटीशन में 50 से ज्यादा टीमों ने हिस्सा लिया।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 26 नवंबर 2025 को आरकेजीआईटी समूह के सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ.डी.के.चौहान, निदेशक, डॉ.बी.सी.शर्मा और एचओडी एमबीए डॉ.विभूति त्यागी व गाजियाबाद प्रबंधन संघ के कार्यकारी निदेशक राहुल अग्रवाल द्वारा किया गया। प्रोग्राम में डॉ लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि आज के दौर में मैनेजमेंट स्टूडेंट्स की उपयोगिता बढ़ गई है मल्टीनेशनल कंपनियां आ रही हैं उन्हें अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए स्टूडेंट्स की जरूरत होती है इसलिए मैनेजमेंट स्टूडेंट्स को मार्केट में हो रहे बदलाव की जानकारी होनी चाहिए ! प्रोग्राम में मुख्य अतिथि श्री उमंग गुप्ता- संचालन प्रमुख (विका ग्रुप), ने प्रतिभागियों को मोटिवेट किया व छात्रों को प्रबंधन से संबन्धित कई महत्वपूर्ण जानकारीया दी और कहा कि इस प्रकार के बिजनेस क्वीज कंपटीशन स्टूडेंट्स की क्षमता को विकसित करते हैंक इस प्रोग्राम का आयोजन डॉ निशि पाठक के संरक्षण में किया गयाक तथा बाकि सभी फैकल्टीज ने भी प्रोग्राम के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया। कालेज के सभी उच्च अधिकारियों ने डिपार्टमेंट के कार्यक्रम मंथन-2025₹- बिजनेस क्विज प्रतियोगिता की सफलता की बधाई दी।

## सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत बुधवार को सेमिनार हॉल में सड़क सुरक्षा एवं जिम्मेदार नागरिकता पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों में सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रबल करना था।

# प्राइवेट चिकित्सक मेडिकल एसोसिएशन का 30 नवंबर को महासम्मेलन का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ )।** प्राइवेट चिकित्सक मेडिकल एसोसिएशन एवं डॉ केएन मोदी यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में 30 नवंबर को एक चिकित्सक महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में अनेक सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ी हस्तियां प्रतिभाग करेंगी। उक्त जानकारी देते हुए प्राइवेट चिकित्सक मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार शर्मा तथा डॉक्टर केएन मोदी यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ पीएम ऋषिकेशा द्वारा हाईवे स्थित एक रेस्टोरेंट के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी गई। यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर डॉ ऋषिकेशा ने बताया कि संगठन द्वारा सामाजिक हित में चलाए जा रहे अभियान जनसंख्या वृद्धि एवं भ्रूण हत्या जैसे विषयों पर उनका विश्वविद्यालय उन्हें पूर्ण समर्थन व सहयोग देगा।

डॉ एसके शर्मा ने बताया कि इस बार सम्मेलन में अतिथियों के रूप में राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, महंत नारायण गिरी, मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाज, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, गाजियाबाद विधायक संजीव शर्मा, मोदीनगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली और पूर्व विधायक सुदेश शर्मा शामिल होंगे।

# संविधान दिवस पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** संविधान दिवस के अवसर पर बस स्टैण्ड, मोदीनगर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर विनोद वैशाली (चेयरमैन, नगर पालिका परिषद), तथा क्षेत्र के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि संविधान दिवस भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना—समानता, न्याय और स्वतंत्रता—का प्रतीक है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान आज भी सामाजिक न्याय और समरसता को मजबूत करता है। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

सभी सदस्यों ने राष्ट्रहित, सामाजिक उत्थान और संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित लोगों में मिठाई का वितरण भी किया गया। इस मौके पर वेद प्रकाश चौधरी (अध्यक्ष सभासद संघर्ष समिति), सूबे सिंह, सोनू कुमार, दुष्यंत, ललित मित्तल, सुभाष सांगवान, बलराज गुज्जर, मोहन सिंह, कृष्ण राज, राकेश कर्दम आदि लोग उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण का कार्य रात्रि में कर जाए, दिन में लगता है सड़क पर जाम

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर निर्माण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर चंद्र ने कहा कि मोदीनगर क्षेत्र में एन.सी.आर.सी. द्वारा सड़कों का निर्माण कार्य पिछले कई दिनों से भीषण लापरवाही के साथ चलाया जा रहा है।जहाँ यह काम पहले रात में होता था, अब इसे बिना किसी पूर्व सूचना के दिन में करवाया जा रहा है। जिसके कारण नौकरी पेशा लोगों को रोजाना घंटों जाम में फंसना पड़ता है।शादियों के सीजन में दूल्हा-दुल्हन पक्ष घंटों तक एक-दूसरे का इंतजार करने को मजबूर, सम्मान और रिश्ते दाँव पर है।एम्बुलेंस तक जाम में फँस रही हैं, जिससे कई गंभीर मरीजों की जान पर बन रही है। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि बिना डायवर्जन सूचना,बिना जनता के हित का ध्यान रखे।निर्माण कार्य कर रही है, जो कि जनहित की खुली अवहेलना है। निर्वाण फाउंडेशन माँग करता है कि सड़क निर्माण कार्य रात में तत्काल शिफ्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर आवाज नहीं सुनी गई तो जनहित में हम-ज्ञापन, धरना देंगे और निर्वाण फाउंडेशन किसी भी कीमत पर जनता की परेशानियों को नजरअंदाज नहीं होने देगा।

# नगर निगम मुख्यालय और जोनों में कार्यक्रम, महापौर और अधिकारियों ने कराया प्रस्तावना का वाचन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में पार्षदों, निगम अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महापौर सुनीता दयाल द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराई गई। इसके उपरांत महापौर ने भारतीय संविधान के महत्व पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं और इन अधिकारों का सही उपयोग करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा और आस्था के साथ कार्य करना आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ी भी संविधान के आदर्शों का पालन करती रहे।

कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज कुमार सिंह, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, लेखाधिकारी अनुराग, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय सहित अन्य निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पार्षद आनंद गौतम, पार्षद नितिन कुमार, पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम, पार्षद सुभाष चौधरी और अन्य पार्षदों ने भी संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखते हुए शहर हित में कार्य करने के महत्व पर विचार व्यक्त किए और कर्मचारियों को जागरूक किया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निदेर्शानुसार गाजियाबाद नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों में भी उत्साहपूर्वक संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। जोनल प्रभारी ने टीम और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराते हुए इसके मूल्यों और उद्देश्य की जानकारी दी। नगर निगम की स्कूलों में भी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानाचार्या अंतिमा चौधरी के नेतृत्व में छात्राओं और अध्यापिकाओं को संविधान के प्रति निष्ठा और सम्मान की शिक्षा दी गई।

# आरकेजीआईटी में 'मंथन-2025 बिजनेस क्विज का शानदार आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आर.के.जी.आई.टी कॉलेज के एमबीए विभाग द्वारा बुधवार को 'मंथन-2025 बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में व्यापारिक ज्ञान, तर्कशक्ति, निर्णय क्षमता तथा प्रबंधन से जुड़े वास्तविक परिदृश्यों की समझ विकसित करना था। कार्यक्रम में छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था, जिसमें 50 से अधिक टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरकेजीआईटी समूह के सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, कार्यकारी निदेशक डॉ. डी.के. चौहान, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा, एमबीए विभागाध्यक्ष डॉ. विभूति त्यागी तथा गाजियाबाद प्रबंधन संघ के कार्यकारी निदेशक राहुल अग्रवाल द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए डॉ. लक्ष्मण प्रसाद ने कहा कि आज के दौर में मैनेजमेंट स्टूडेंट्स की उपयोगिता तेजी से बढ़ी है। मल्टीनेशनल कंपनियों के विस्तार के साथ योग्य मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की आवश्यकता भी बढ़ी है, इसलिए छात्रों को मार्केट के बदलते रुझानों की समझ अवश्य होनी चाहिए। ऐसे आयोजन उन्हें व्यावहारिक और प्रतिस्पर्धात्मक ज्ञान प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उमंग गुप्ता, संचालन प्रमुख, विका ग्रुप ने छात्रों को प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए प्रेरित किया।

# एन सी सी कैडेट्स के मध्य संविधान संबंधी प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में एन सी सी महानिदेशक के आदेशों के अनुक्रम में 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन मे संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य और मौलिक अधिकारों की जानकारी देने के साथ साथ एन सी सी कैडेट्स के मध्य एक

संविधान सम्बंधी प्रश्नोत्तरी का आयोजन कराया गया जिसमें प्रश्नों के सही जवाब देने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व प्रार्थना सभा में संविधान दिवस के अवसर पर कॉलेज के छात्रों एवं शिक्षकों के मध्य संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए कॉलेज के एन सी सी अधिकारी ने सभी को संविधान की प्रस्तावना और मौलिक अधिकारों के बारे में गहनता से बताया तथा एन सी सी कैडेट को संविधान के मौलिक कर्तव्यों का अनुपालन करने की शपथ दिलायी और सभी को संविधान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने संविधान निमार्ताओं को नमन करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान के नियमों का अनुपालन करते हुए अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन ज़िम्मेदारी से करने की सलाह दी।वरिष्ठ प्रवक्ता तेजपाल सिंह ने संविधान निर्माण में डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान के बारे में विस्तार से बताया।इस मौके पर दिनेश बालियान,शरद कुमार बाजपेई,प्रयास शर्मा,लै राजीव जांगिड़, डा योगेन्द् कुमार, रामकुमार, बलरामसिंह, अनिलकुमार,लै० राजीव जांगिड़, अनीता अग्रवाल, शिवानी बागोरिया, महानन्द ,संजीव कुमार ,राजीव कुमार, खेल प्रशिक्षक राजीव सिंह ,रोमा चौधरी, डॉक्टर पूनम वशिष्ठ,डॉ कामिनी, रानी, चंचल प्रियंका आदि उपस्थित रहे।

# शहीदी गुरु पर्व बड़ी ही श्रद्धा भावना से मनाया गया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, ( अनिल वशिष्ठ )।** गुरु तेग बहादुर हिंद दी चादर जिन्होंने हिंदू धर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति दी ऐसे महान गुरु का 350 वा शहीदी गुरु पर्व बड़ी ही श्रद्धा भावना से, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी में मनाया गया, जिसमें तीन दिन से चल रहे निरंतर अखंड पाठ साहिब, की संपूर्णता की अरदास करके गुरु घर के ग्रंथि ज्ञानी जोरावर सिंह जी व सरदार बलविंदर सिंह द्वारा गुरु तेग बहादुर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया तथा बच्चों द्वारा शबद गुरबाणी गाकर गुरु तेग बहादुर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करी। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित एक जागृति यात्रा भी रविवार को गुरुद्वारा साहिब से निकल गई जिसमें गोविंदपुरी व सत्संग द्वारा शब्द गुरबाणी का गाकर , गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के बारे में नगर वासियों को जागरूक किया गया तथा उनकी शहादत के बारे में बताया गया रात को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी में कीर्तन दरबार किया गया।जिसकी समाप्ति 10:00 बजे की गई उपरांत गुरु का लंगर अटूट बाटा गया सभी श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा भावना से लंगर प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें सरदार गुरमीत सिंह सरदार बलविंदर सिंह सरदार सुरजीत सिंह सरदार दलवीर सिंह सरदार मनमोहन सिंह सरदार सतवंत सिंह भूपेंद्रपाल सिंह मनजीत सिंह नवदीप सिंह व स्त्री सत्संग से जितेंद्र कौर कवल कौर रंजीत कौर मनजीत कौर गुरविंदर कौर सरबजीत कौर हरेंद्र कौर बलदेव कौर, रमा, प्रिया भारती बत्रा सिमरन कौर आदि सेवादार उपस्थित रहे।



# बी.एल.ओ. का सहयोग करें, अपना गणना प्रपत्र भरकर बी.एल.ओ. को दें: जिला निर्वाचन अधिकारी

## यदि आपको गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है तो सम्बंधित बी.एल.ओ. से सम्पर्क करें: जिला निर्वाचन अधिकारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी, गाजियाबाद ने जारी एक अपील के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया है कि वर्तमान में सम्प्रति चल रहे विशष प्रगाढ पुनरीक्षण-2026 के तहत गणना अवधि में दिनांक 04.11.2025 से 04.12.2025 तक बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर एवं विशेष अभियान तिथियों में अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर गणना प्रपत्रों का वितरण एवं भरे हुए गणना प्रपत्रों को प्राप्त कर बी.एल.ओ. एप पर डिजिटाइज किये जाने सम्बन्धी कार्य किया जा रहा है परन्तु जनपद गाजियाबाद में शहरी क्षेत्र होने तथा विस्थापित जनसंख्या होने के कारण यह सम्भव है कि पुराने पते पर पंजीकृत मतदाता उसी क्षेत्र में किसी अन्य पते पर निवासरत हों, जिस कारण उन्हें उनके गणना प्रपत्र वितरित न हो पाये हों। उपरोक्त के क्रम में समस्त मतदाताओं से अपील है कि यदि आपको अभी तक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है तो कृपया अपने पुराने पते के मतदेय स्थल (जहाँ आपने पूर्व में वोट डाला है) पर जाकर बी.एल.ओ. से सम्पर्क कर जाँच कर लें एवं बी.एल.ओ. से गणना प्रपत्र लेकर उसमें पूर्ण विवरण भरकर बी.एल.ओ. को उपलब्ध करा दें, जिससे आपका नाम ड्राफ्ट रोल में सम्मिलित हो जाये। बी.एल.ओ. के मोबाइल नम्बर की अद्यतन सूची जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के सोशल मीडिया पर पर उपलब्ध है। यह कार्य लोकतंत्र में भागीदारी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें लापरवाही ना करें, बी.एल.ओ. का सहयोग करें, अपना गणना प्रपत्र भरकर बी.एल.ओ. को दें। लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी भागीदारी निभायें।

# मेरा युवा भारत, हापुड़ ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मेरा युवा भारत हापुड़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में आज विजडम वुड पब्लिक स्कूल, धनोरा (हापुड़) में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री पवन त्यागी ने विद्यालय के चेयरमैन श्री संजीव कुमार त्यागी, प्रधानाचार्या श्रीमती रूपा त्यागी एवं उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रोत्साहित करना, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उनमें अनुशासन और खेलभावना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि देहात और छोटे कस्बों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं होती, परंतु मंच न मिलने के कारण वे आगे नहीं बढ़ पातीं; मेरा युवा भारत ऐसे युवाओं को अवसर देकर उनकी प्रतिभा को उजागर करने का काम कर रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रूपा त्यागी ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेलों में प्रतिभाग करना ही सबसे बड़ी उपलब्धि होती है।

प्रतियोगिता में बालिकाओं के लिए समूह स्पर्धा में खो-खो, तथा एकल स्पर्धा में 200 मीटर और 100 मीटर दौड़ एवं बैडमिंटन का आयोजन किया गया, जिसमें 200 मीटर दौड़ में सुहानी प्रथम, साक्षी द्वितीय और कनिष्का पाल तृतीय रहीं, जबकि 100 मीटर दौड़ में पीहू प्रथम, वंशिका द्वितीय और फलक तृतीय रहीं। खो-खो में एसजेपीएस स्कूल की टीम प्रथम तथा विजडम वुड पब्लिक स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही। बैडमिंटन प्रतियोगिता में निधि ने प्रथम, गायत्री ने द्वितीय और फलक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में समूह स्पर्धा वॉलीबॉल का आयोजन किया गया, जिसमें आरएसके इंटर कॉलेज की टीम प्रथम और मधुर अकादमी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। एकल स्पर्धा में 400 मीटर दौड़ में प्रिंस प्रथम, निखिल द्वितीय और शिवा तृतीय रहे, जबकि 200 मीटर दौड़ में निखिल प्रथम, वंश द्वितीय और शिवांश तृतीय स्थान पर रहे। कुश्ती प्रतियोगिता में निरपेक्ष ने प्रथम, देव ने द्वितीय और शुभराणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेलों के सफल संचालन में सौरभ तोमर और निशा की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि प्रकाश तिवारी, खुशी और वैष्णवी का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल एवं स्वयंसेवकों को भी मेडल, प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# सीजीएचएस स्टोर्स में कैंसर दवाओं की चोरी का बड़ा पदार्फाश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोग होने वाली महंगी दवाओं की चोरी और उनकी अंतरराज्यीय कालाबाजारी का मामला गाजियाबाद में नए मोड़ पर पहुंच गया है। पुलिस और औषधि विभाग की संयुक्त जांच में अब सीजीएचएस स्टोर्स और दवा वितरण नेटवर्क पर भी शक जताया गया है। अधिकारियों का मानना है कि कीट्रूडा, एन्हर्टू, जोलास्टा और नोवोटेक्स जैसे लाखों रुपये मूल्य के इंजेक्शन केवल बाहरी तस्करों के जरिए बाहर नहीं जा सकते।

इस दवाओं के बड़े पैमाने पर चोरी होने के पीछे अस्पताल स्टोर और कुछ निजी दवा एजेंसियों की आंतरिक मिलीभगत की संभावना भी सामने आई है। पुलिस ने 23 नवंबर को विश्वास त्यागी, आकाश शर्मा और प्रिंस त्यागी को गिरफ्तार किया था। जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी विश्वास त्यागी डेढ़ साल से सीजीएचएस के तहत आने वाली महंगी दवाओं को अस्पतालों या स्टोर्स से चोरी कर अपनी फर्म के माध्यम से दूसरी फर्मों को बेच रहा था। इस दौरान किसी अस्पताल प्रशासन ने शिकायत दर्ज नहीं कराई और न ही आंतरिक ऑडिट विभाग ने इसकी जांच शुरू की। इससे यह संकेत मिलता है कि या तो विभागीय लापरवाही रही या किसी के कारण दवाएं चोरी हो रही थीं।



# बालाजी एनक्लेव में नाले के टेढ़े निर्माण पर भड़के निवासी, सड़क की चौड़ाई घटी–ठेकेदार पर मनमानी और अभद्रता के आरोप

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद।** बालाजी एनक्लेव कॉलोनी में मुख्य मार्ग पर बनाए जा रहे नाले और सड़क के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि निर्माण कार्य कर रही आर.जी. बिल्डटेक इंजीनियर्स लिमिटेड कंपनी नाले का निर्माण तकनीकी मानकों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से कर रही है। स्थानीय लोग बताते हैं कि सात नंबर गली के बाहर पुराने नाले की दीवार हटाने के बजाय उसी दीवार से लगभग एक फुट अंदर सड़क की ओर नई दीवार खड़ी कर दी गई, जिससे नाला सड़क की तरफ खिसक गया है। जहां सड़क की चौड़ाई पहले लगभग 30 फीट थी, वह अब घटकर करीब 28 फीट रह गई है। इससे भविष्य में ट्रैफिक जाम, दुर्घटनाओं और रास्ता संकरा होने की समस्या बढ़ने की आशंका है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि जैसा पीछे से नाला बिल्कुल सीधी लाइन में आ रहा है, आगे भी उसी लाइन में निर्माण होना चाहिए, लेकिन कंपनी ने बीच में ही नाले की दिशा मोड़ दी। इससे सरकारी सड़क पर स्थायी अतिक्रमण जैसी स्थिति बन गई है। निवासी बताते हैं कि जब लोगों ने मौके पर मौजूद मुंशी/स्टाफ से नाला सीधी लाइन में बनाने की बात कही तो उसने बेहद अभद्र लहजे में जवाब दिया कि काम ऐसे ही होगा, जहां शिकायत करनी हो, विधायकझ्रमंत्री के पास जाकर कर लो, नाला तो ऐसा ही बनेगा। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि मुंशी का बात करने का तरीका भी बेहद अपमानजनक था, जिससे लोगों में और ज्यादा रोष फैल गया और दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।

## जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के बंथला गांव में जमीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से नौ लाख रुपये ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महेंद्र कुमार ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने न तो जमीन का बैनामा किया और न ही पैसे लौटाए। पहले पुलिस शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद पीड़ित ने न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने अब चार आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महेंद्र कुमार, जो अशोक नगर, शाहदरा, दिल्ली के निवासी हैं, ने बताया कि लोनी तहसील के बंथला गांव में जमीन के एक हिस्से के मालिक लोकेश, प्रवेश, जसवती और संजय थे।

# तुच्छ मानसिकता की सोच वाले आइएएस अफसर संतोष वर्मा को तुरंत गिरफ्तार किया जाए



वेलकम इंडिया

- ऐसे ही लोग समाज को बांटने का काम करते हैं !
- बहन बेटियों को अपशब्द कहने वाले की नाक काटने वालों को 151000 का पुरस्कार दिया जाएगा ! बीके शर्मा हनुमान

**गाजियाबाद।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने मप्र कैडर के आइएएस अफसर संतोष वर्मा के विवादास्पद बयान की निंदा की। उन्होंने कहा कि तुच्छ मानसिकता वाला व्यक्ति भले ही कितने भी बडे पद पर क्यों ना पहुंच जाए, उसकी मानसिकता नहीं बदलती है। आइएएस अफसर संतोष वर्मा ने इसे साबित भी कर दिया है। संतोष वर्मा की मानसिकता शुरू से ही तुच्छ रही है और आइएएस अफसर बनने के बाद भी उसमें कोई बदलाव नहीं आया है। समाज को बांटने वाले ऐसे व्यक्तियों की तुच्छ मानसिकता का लाभ ही विदेशियों ने उठाया और वर्षो गुलाम रहे। आज समाज बदल रहा है और सभी एक दूसरे के साथ आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ रह रहे हैं, जो संतोष वर्मा जैसे लोगों से सहन नहीं हो पा रहा है। ऐसे लोगों का एक ही सपना होता है कि समाज को बांटकर अपना स्वार्थ साधते जाओ। मप्र कैडर के आइएएस अफसर संतोष वर्मा यही कर रहे हैं। उनके द्वारा दिया गया बयान सभी महिलाओं का अपमान है। इससे यह भी पता चलता है कि उनकी नजर में नारी सिर्फ एक वस्तु हैं। ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि संतोष वर्मा का यह बयान समाज कां बांटने व देश को कमजोर करने का षडयंत्र है। उन्होंने बहन-बेटियों को वस्तु बताकर किसी एक समाज की नहीं वरन पूरे विश्व की महिलाओं का अपमान किया है। अतः ऐसे समाजद्रोही अफसर को तरंत बर्खास्त कर उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाना चाहिए और कडी से कडी सजा देनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो विश्व ब्रह्मऋषि ब्राहमण महासभा पूरे देश में आंदोलन करेगा। ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि आइएएस अफसर संतोष वर्मा ने कहा था कि, जब तक कोई ब्राह्मण मेरे बेटे के लिए अपनी बेटी को दान न दे दे, अर्थात संबंध न बना ले, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इस तरह की तुच्छ मानसिकता वाले लोगों के खिलाफ सरकार को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन सी के अग्रवाल सहित सैकड़ो समाज के विप्र बंधु मौजूद थे ।

## बेटे के विवाद पर महिला पर बेरहमी से हमला

**मुरादनगर।** मुरादनगर के थाना क्षेत्र की इंदिरापुरी कॉलोनी में सोमवार रात को एक भयावह घटना सामने आई, जिसमें कुछ आरोपितों ने विवाद के दौरान महिला और उसके बेटे पर बर्बर हमला किया। पीड़िता सरला ने आरोप लगाया कि पड़ोसियों के साथ उसके पुत्र आयुष की कहासुनी हुई, जिस पर आरोपितों ने उसे और उसके बेटे को पीटा। जब महिला ने बेटे की चीख सुनकर बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपितों ने उस पर भारी वस्तु से प्रहार कर सिर फोड़ दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता थाने पहुंची और आरोपितों के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# संविधान दिवस पर गूँजा उद्देशिका का स्वर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को महात्मा गांधी सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय गौरव और संवैधानिक मूल्यों के प्रति आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। जिलाधिकारी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिला अधिकारी प्रशासन ज्योति मौर्या ने अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में भारत के संविधान की 'उद्देशिकाज्का सामूहिक वाचन कराया। सभागार में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति ने संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत के संविधान की प्रस्तावना के साथ हुई, जिसमें प्रतिपादित मूल विचार-संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य-की भावना ने पूरे सभागार को एकजुटता के भाव से भर दिया। 'हम, भारत के लोग...ज्से आरम्भ हुई इस पावन वाणी के वाचन ने उपस्थित जनों में राष्ट्रीयता, संवैधानिक मयार्दा और कर्तव्यबोध को एक बार फिर जागृत किया। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय; विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता; तथा सभी के लिए प्रतिष्ठा और अवसर की समानता जैसे संवैधानिक वादों को याद करते हुए अधिकारियों ने देश की भावी पीढि ?ों के लिए इन आदर्शों के संरक्षण का संकल्प लिया। अपर जिला अधिकारी प्रशासन ज्योति मौर्या ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संविधान की आत्मा में निहित कर्तव्यों और अधिकारों की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की जीवंत संवैधानिक संस्कृति का आधार है, जो प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को सर्वोपरि रखते हुए बंधुता की भावना को बढ़ावा देने की अपील की। सभागार में उपस्थित अधिकारियों ने संविधान दिवस को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया और कहा कि इस प्रकार का सामूहिक वाचन संवैधानिक मूल्यों को जीवन में उतारने की प्रेरणा देता है।

# फरीदनगर में शमशान घाट के जीर्णोद्धार की उठाई मांग

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** कस्बा फरीदनगर के भाकियू (टिकैत) नगर प्रभारी मनोज कुमार शर्मा के नेतत्व में भाकियू के पदाधिकारियों ने फरीदनगर में शमशान घाट की मरम्मत एवं जीर्णोद्वार का कार्य कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि ईशाकनगर वाले रास्ते पर बिजली घर के पास में सार्वजनिक शमशान घाट है, जिसमें रास्ता व मुर्दा दहन करने के लिए बरामदा बना हुआ है। यह बरामदा जर-जर अवस्था में है। इतना ही नहीं शमशान घाट की जमीन पर नगर पंचायत फरीदनगर द्वारा कूड़ा डाला जाता है। इस कारण वहां गंदगी होने से मुर्दा दहन करने में बहुत दिक्कत का सामन करना पड़ता है। भाकियू ने मांग है कि फरीदनगर स्थित इस शमशान घाट की बाऊंडरी कराकर इसके अन्दर इन्टरलाकिंग टाइल लगवायी जाए और नगर पंचायत द्वारा डाले जाने वाले कूड़ा को तुरन्त रूकवाया जाये, ताकि वहां पर गंदगी आदि पैदा न हो। इस अवसर पर भाकियू (टिकैत) फरीदनगर प्रभारी मनोज कुमार शर्मा, उमेश शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, इंद्रजीत राजू, चौधरी वीरपाल मुखिया आदि थे।